mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-231 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना

21 अगस्त 2024 बुधवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित


दुनिया की सबसे ... @ पेज 6

# सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार को दिखाया 'आईना'

● जमकर लगाई फटकार, कहा-अब देश दूसरे रेप का इंतजार नहीं कर सकता ● नेशनल टास्क फोर्स का किया गठन, अस्पताल और पुलिस को लगाई लताड़ ● सीजेआई ने सुनवाई के दौरान सीबीआई से मांगी 22 अगस्त तक स्टेटस रिपोर्ट

### कोलकाता रेप मर्डर केस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुए रेप और मर्डर पर आज सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार को खूब सुनाया। सीजेआई की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय बेंच ने राज्य सरकार का पक्ष रख रहे कपिल सिब्बल का सामने सवालों की बौछार कर दी। कोर्ट ने कड़े शब्दों में पूछा कि बॉडी आठ बजे रात को पैरेंट्स को दी गई और उसके बाद 11 बजकर 45 मिनट पर केस दर्ज क्यों हुआ। कोर्ट ने आगे पूछा कि क्या शुरुआत में मर्डर केस दर्ज नहीं किया गया। कॉलेज के प्रिंसिपल उस समय क्या कर रहे थे। उन्होंने ऐक्शन क्यों नहीं लिया। हैरानी की बात रही कि ज्यादातर सवालों को लेकर सिब्बल के पास भी जवाब नहीं था। कोर्ट ने इसके साथ एक नेशनल टास्क फोर्स का गठन किया है जिसकी अंतरिम रिपोर्ट तीन हफ्ते में देनी होगी। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से 22 अगस्त को स्टेटस रिपोर्ट सौंपने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने टास्क फोर्स को भी डेडलाइन दी गई है। सीजेआई के नेतृत्व में जारी निर्देशों के अनुसार, टास्क फोर्स को तीन हफ्ते में अंतरिम रिपोर्ट देनी होगी। उसके बाद दो महीने में



फाइनल रिपोर्ट देनी होगी। सीजेआई ने कहा कि राज्य सरकार यानी ममता सरकार को भी अस्पताल में तोड़फोड़ के बारे में स्टेटस रिपोर्ट पेश करनी होगी। इस मामले पर अगली सुनवाई 22 अगस्त यानी गुरुवार को होगी।

### महिला डॉक्टर की फोटो वायरल करने पर सीजेआई का सवाल

कोलकाता डॉक्टर केस मामले में पीड़िता का फोटो उजागर करने पर चिंता जाहिर की। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने सख्त लहजे में कहा कि जिस विक्टिम के साथ घटना हुई उसके नाम और फोटो प्रकाशित और प्रसारित किए जाने पर गंभीर चिंता जताई। कानून और जजमेंट में में कहा गया है कि नाम उजागर ना हो लेकिन फिर भी किया गया, यह गंभीर चिंता का विषय है। सीजेआई ने कहा कि एक यंग डॉक्टर का जीवन खत्म हो गया और फिर उसका नाम और फोटो सर्कुलेट हुआ। सीजेआई की अगुवाई में तीन सदस्यीय बेंच ने इस जघन्य वारदात के बाद डॉक्टरों की सुरक्षा पर चिंता जताई है। सीजेआई ने अस्पताल में महिला डॉक्टर की सुरक्षा पर चिंता जताई।

## रेप विक्टिम पर हाईकोर्ट की टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**नई दिल्ली/कोलकाता (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नाबालिग से रेप के आरोपी की सजा बहाल कर दी। साथ ही कलकत्ता हाईकोर्ट की उस टिप्पणी को भी खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि किशोरियों को अपनी यौन इच्छाओं पर काबू रखना चाहिए। वे दो मिनट के सुख के लिए समाज की नजरों में गिर जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा- निचली अदालतों को फैसला कैसे लिखना चाहिए, इसे लेकर भी हम निर्देश जारी कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के कमेंट को आपत्तिजनक बताया था। कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस चितरंजन दास और जस्टिस पार्थ सारथी सेन की बेंच ने 18 अक्टूबर 2023 को रेप केस की सुनवाई की थी। बेंच ने लड़के को नाबालिग गर्लफ्रेंड से यौन उत्पीड़न मामले में बरी कर दिया था। दोनों टीनएजर्स के बीच अफेयर था और उन्होंने सहमति से संबंध बनाए थे। डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने लड़के को पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी ठहराते हुए 20 साल जेल की सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ वह हाईकोर्ट पहुंचा था। हाईकोर्ट ने लड़के को नसीहत दी थी- किशोरों को युवतियों, महिलाओं की गरिमा और शारीरिक स्वायत्तता का सम्मान करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 8 दिसंबर को कलकत्ता फैसले की आलोचना की थी। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट की टिप्पणियों को घोर आपत्तिजनक और पूरी तरह से गलत करार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले को टीनएजर्स के आर्टिकल 21 के अधिकारों का उल्लंघन बताया था।



**एचसी ने कहा था-**

लड़कियां अपनी यौन इच्छाओं पर काबू रखें, दुष्कर्म के आरोपी की सजा बहाल

## संक्षिप्त समाचार

### 'संविधान बचाओ' पर अब नया खेल करेगी कांग्रेस

#### 24 अगस्त को प्रयागराज में संविधान सम्मान सम्मेलन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनावों में 'संविधान बचाओ' का नारा दिया और अपने मकसद में कुछ हद तक कामयाब भी रही। पार्टी अब इस सफलता से सीख लेकर संविधान बचाओ के आह्वान को आगे बढ़ाना चाहती है। इसके लिए पार्टी 24 अगस्त को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है। इस सम्मेलन में सभी देशवासियों से अपील की गई है कि वो 'संविधान सम्मान सम्मेलन' में शामिल हों। कांग्रेस ने 'संविधान बचाओ' नारे का साथ दाने वालों को 'न्याय योद्धा' का नाम दिया है। कांग्रेस पार्टी के सम्मेलन की शुरुआत



प्रयागराज के इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन कन्वेंशन सेंटर में 24 अगस्त को दोपहर एक बजे से शुरू होगा।

पार्टी ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा है, हमारा संविधान, हमारे अधिकारों का आधार है, हमारी पहचान है। देश के सभी न्याय योद्धाओं को आवाहन है 24 अगस्त को 1 बजे इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन कन्वेंशन सेंटर आएं। कांग्रेस ने सम्मेलन के एजेंडे की एक झलक भी पेश की है। इसमें लिखा गया है, वंचितों के हक और हिस्सेदारी के लिए, जाति जनगणना से हर वर्ग की न्यायपूर्ण भागीदारी के लिए, एक समृद्ध और समता पूर्ण भारत बनाने के लिए-साथ आएं और हमारे 'संविधान सम्मान सम्मेलन' से जुड़ें। आखिर में पार्टी ने लिखा है, संविधान की रक्षा और सम्मान में अपना योगदान दें।

### हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनी तो मैं ही बनूंगा डिप्टी सीएम

#### लालू प्रसाद यादव के दामाद का बड़ा दावा, 2019 में पहली बार लड़े थे चुनाव

**रेवाड़ी (एजेंसी)।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनाव के ऐलान के बाद ही बड़ी-बड़ी घोषणाओं और ऐलानों का दौर भी शुरू हो गया है। नेता जनता को लुभाने के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाओं और ऐलान कर रहे हैं। इसी बीच बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के दामाद और



रेवाड़ी से विधायक चिरंजीव राव ने बड़ा ऐलान किया है। चिरंजीव राव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा है कि अगर जनता इस बार उन्हें विधायक चुनती है तो वे हरियाणा के उपमुख्यमंत्री होंगे। चिरंजीव राव ने कहा कि हर किसी की महत्वाकांक्षा रहती है। उनकी भी महत्वाकांक्षा है कि उपमुख्यमंत्री बने। ये लड़ाई अकेले उनकी नहीं दक्षिण हरियाणा की है। अजय यादव और चिरंजीव राव ने कहा कि भाजपा राज में इलाके में कोई काम नहीं हुआ, जितने भी कार्य हुए है वो सभी कांग्रेस शासनकाल में हुए थे।

## यूपीएससी में लेटरल एंट्री का आदेश 3 दिन में वापस

● मंत्री बोले-विज्ञापन रद्द करें, साथियों के दबाव में सरकार ने बदला फैसला ● केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी चेयरमैन प्रीति सूदन को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्र सरकार में लेटरल एंट्री पर रोक लगा दी गई है। यूपीएससी से कहा गया है कि वो लेटरल एंट्री से नियुक्ति न करे। कार्मिक विभाग के मंत्री जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी चेयरमैन प्रीति सूदन को पत्र लिखकर कहा है कि इस नीति को लागू करने में सामाजिक न्याय और आरक्षण का ध्यान रखा जाना चाहिए। दरअसल, लेटरल एंट्री में आरक्षण का मुद्दा कांग्रेस पार्टी ने उठाया जिसके बाद एनडीए के सहयोगियों जेडीयू और एलजेपी (रामविलास) ने



भी आपत्ति जताई। लोकसभा चुनावों में आरक्षण के मुद्दे पर तगड़ा झटका खा चुकी बीजेपी ने इस मुद्दे पर राजनीति गरमाने से पहले कदम वापस ले लिए। विभागीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी चेयरमैन को लिखे अपने पत्र में कहा है कि केंद्र सरकार में कई महत्वपूर्ण पदों पर 'लेटरल एंट्री' के जरिए लोगों को नियुक्त किया जा रहा है।

● **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर लगी रोक-** सिंह ने आगे कहा कि मौजूदा सरकार लेटरल एंट्री की प्रक्रिया को संस्थागत, पारदर्शी और खुला बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह प्रक्रिया हमारे संविधान में निहित समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप होनी चाहिए। मंत्री ने विशेष रूप से आरक्षण के प्रावधानों का जिक्र किया और कहा कि प्रधानमंत्री का मानना है कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण हमारे सामाजिक न्याय की नींव है, जिसका लक्ष्य ऐतिहासिक अन्यायों को दूर करना और समावेशी समाज बनाना है। सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार में कई ऐसे पद हैं जो विशेषज्ञता वाले हैं और जिनमें सिंगल कैडर पोस्ट की व्यवस्था है।

## अजमेर सेक्स स्कैंडल के 6 दोषियों को उम्रकैद

● 32 साल पहले 100 छात्राओं के साथ गैंगरेप किया था, 5-5 लाख का जुर्माना लगाया

**अजमेर (एजेंसी)।** अजमेर में 32 साल पहले हुए देश के सबसे बड़े सेक्स स्कैंडल के 6 दोषियों को जिला अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 5-5 लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। कोर्ट ने नफीस चिश्ती, नसीम उर्फ टार्जन, सलीम चिश्ती, इकबाल भाटी, सोहिल गणी, सैयद जमीर हुसैन को उम्रकैद की सजा सुनाई है। सजा सुनाते वक्त सभी 6 आरोपी कोर्ट में मौजूद थे। एक आरोपी इकबाल भाटी को एम्बुलेंस से दिल्ली से अजमेर लाया गया था। साल 1992 में 100 से ज्यादा कॉलेज गर्ल्स के साथ गैंगरेप और उनकी न्यूड फोटो सर्कुलेट होने पर तहलका मच गया था।



### पीएम मोदी के यूक्रेन दौरे पर दुनियाभर की नजर

## सबको है यह उम्मीद, रूस-यूक्रेन के बीच समझौता करा सकते हैं पीएम मोदी

● युद्ध के खात्मे पर पुतिन को कर चुके हैं राजी, अब जेलेंस्की भी लगाएंगे मुहर!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नरेंद्र मोदी भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं जो पहली बार यूक्रेन का दौरे पर जा रहे हैं। 1991 में सोवियत संघ के विघटन से यूक्रेन अस्तित्व में आया था। तब से किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने यूक्रेन का दौरा नहीं किया है। पीएम मोदी पिछले महीने 8-9 जुलाई को रूस में थे। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ 22वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया था। पश्चिमी देशों को पीएम मोदी का यह रुख नहीं भाया। हालांकि, मोदी अब यूक्रेन भी जा रहे हैं। पीएम मोदी के दौरे के बीच सिर्फ डेढ़ महीने का अंतर है।



**यूक्रेन ने कहा**

### पीएम मोदी ही शांति ला सकते हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन पहुंचेंगे और वहां राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात करेंगे। 24 फरवरी, 2022 को शुरू हुए युद्ध के बाद जेलेंस्की से कभी फोन पर बात तो कभी अन्य कार्यक्रमों में मुलाकात तो हुई, लेकिन मोदी कभी यूक्रेन नहीं गए। पिछले महीने जेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ एंद्री यरमक ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल के साथ फोन पर बातचीत की थी।

## ठाणे में बच्चियों से स्कूल में यौन-शोषण, पुलिस पर पथराव

### भीड़ ने स्कूल में तोड़फोड़ की, ट्रेनें रोकीं, आरोपी गिरफ्तार, सरकार ने एसआईटी बनाई

**मुंबई (एजेंसी)।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के बीच ठाणे के बदलापुर में दो बच्चियों से स्कूल में यौन-शोषण का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी सामने आने के बाद गुस्साई भीड़ और पुलिस के बीच मंगलवार को झड़प हुई। भीड़ ने पहले स्कूल में तोड़फोड़ की उसके बाद बदलापुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनें रोकीं। पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे, जिसके बाद लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। घटना में दर्जनों लोग घायल हुए हैं।



23 साल के आरोपी ने 16 अगस्त को स्कूल के बाथरूम में बच्चियों के साथ यौन-शोषण किया था। बच्चियों के पेरेंट्स ने एक दिन बाद एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपी अक्षय शिंदे को पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। इलाके की महिला इंस्पेक्टर शुभदा शितोले का ट्रांसफर कर दिया गया है। स्कूल प्रिंसिपल, क्लास टीचर और एक महिला कर्मचारी को निलंबित किया गया है। मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की है।

### एसआईटी करेगी बदलापुर सेक्स स्कैंडल की जांच

महाराष्ट्र सरकार ने ठाणे जिले के बदलापुर स्थित एक स्कूल की दो छात्राओं के कथित यौन उत्पीड़न मामले की जांच के लिए मंगलवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया। राज्य सरकार ने पूरे प्रकरण की जांच के लिए महानिरीक्षक आरती सिंह के नेतृत्व में एसआईटी की घोषणा की है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अगर पुलिस अधिकारी अपने कर्तव्य का पालन करने में दोषी पाए गए तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि फडणवीस राज्य के गृह मंत्री भी हैं। फडणवीस ने कहा, हमने मामले को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में चलाने का फैसला किया है।

## दुनिया में मंकीपॉक्स का नया संकट, देश में अलर्ट

● सीमा और एयरपोर्ट्स पर बढ़ाई निगरानी, फिलहाल कोई केस नहीं ● नोडल ऑफीसर्स नियुत, आइसोलेशन वॉर्ड तैयार करने के निर्देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के कुछ देशों में मंकीपॉक्स का नया खतरा मंडराने लगा है। भारत फिलहाल इस नए संक्रामक रोग से पूरी तरह अछूता है, लेकिन अन्य देशों में मिल रहे मरीजों के मद्देनजर सतर्कता बढ़ाई जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि भारत में फिलहाल मंकीपॉक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है, हालांकि इस बीमारी को फैलने से रोकने और नियंत्रित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि मंत्रालय ने टेस्टिंग सुविधा से लेकर नोडल ऑफीसर्स नियुक्त किए हैं। एयरपोर्ट पर भी निगरानी बढ़ाने को कहा गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2022 में पहली बार ग्लोबल पब्लिक हेल्थ




इमरजेंसी की घोषणा की थी। तब से पिछले साल मई तक भारत में कुल 30 मामले पाए गए थे और एक व्यक्ति की इस बीमारी से मौत हुई थी। हालांकि 2022 और अब के वायरस में अंतर है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को निगरानी बढ़ाने, आइसोलेशन सेंटर तैयार रखने, नोडल अस्पताल की पहचान करने के निर्देश दिए हैं ताकि अगर भारत में भी केस बढ़ते हैं तो इस बीमारी से निपटने के लिए सारी तैयारी पूरी हो। हाल ही में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी राज्यों के साथ बैठक की थी। डॉ. गोयल का कहना है कि वर्तमान में क्लेड-1 स्ट्रेन ही सबसे तेजी से फैल रहा है और इसमें चिकन पॉक्स जैसे लक्षण होते हैं।

## पुणे पोर्श केस में ब्लड सैंपल बदलने वाले आरोपी अरेस्ट

**पुणे (एजेंसी)।** पुणे पोर्श एक्सीडेंट केस में पुणे क्राइम ब्रांच ने सोमवार की रात 2 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार के अनुसार, दोनों ने घटना के दिन कार में मौजूद नाबालिग आरोपी के दोस्तों का ब्लड सैंपल बदलवाया था। दोनों आरोपियों की आज मंगलवार को कोर्ट में पेशी होगी। पुणे के कल्याणी नगर इलाके में 18 मई की रात 17 साल 8 महीने के एक लड़के ने आईटी सेक्टर में काम करने वाले बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मारी थी, जिससे दोनों की मौत हो गई थी। घटना के समय आरोपी नशे में था।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में बलराम तालाब योजना का किसान लाभ लें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत बलराम तालाब योजनांतर्गत सभी वर्गों के किसानों से लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है। बलराम तालाब योजनांतर्गत निर्मित तालाब के लिए सामान्य वर्ग के कृषक अपने खेत में तालाब निर्माण करते हैं तो उन्हें लागत का 40 प्रतिशत या अधिकतम 80 हजार रुपए राशि अनुदान प्रदाय किया जाता है। लघु सीमान्त किसानों के लिए 50 प्रतिशत अनुदान या अधिकतम 80 हजार रुपए प्रदाय किए जाते हैं। अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति वर्ग के कृषकों को लागत का 75 प्रतिशत अनुदान या अधिकतम एक लाख रुपए राशि का अनुदान दिया जाता है। किसान स्वयं तालाब खोद सकते हैं या मजदूरों, मशीनों का उपयोग करके तालाब खोद सकते हैं। योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी निकटतम कृषि कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### सतर्कता एवं जांच के देयकों को ऑनलाइन भुगतान करने की सुविधा उपलब्ध

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के ऐसे बिजली उपभोक्ता जिन्हें बिजली कंपनी के सतर्कता एवं अन्य जांच दलों द्वारा अनंतिम/अंतिम देयक जारी किये हैं, उनके भुगतान के लिए कंपनी की वेबसाइट पर ऑनलाईन भुगतान की सुविधा शुरू की गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने जानकारी दी है कि ऐसे व्यक्ति अथवा बिजली उपभोक्ता जिनके परिसर में बिजली के अनधिकृत उपयोग या फिर अन्य किसी भी अनियमितता के चलते बिजली कंपनी के सतर्कता एवं अन्य जांच दलों द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें अनंतिम/अंतिम देयक जारी किया गया है, तो अब उसके भुगतान के लिए कंपनी के जोन/वितरण केन्द्र कार्यालय के साथ-साथ घर बैठे ही कंपनी की बेवसाइट पर भी ऑनलाईन भुगतान की सुविधा कंपनी ने उपलब्ध कराई है। कंपनी ने कहा है कि संबंधित व्यक्ति/उपभोक्ताओं को अनंतिम/अंतिम देयक के भुगतान के लिए कंपनी की वेबसाइट पोर्टल पर दिये गये पर क्लिक कर विकल्प पर जाना होगा। इस विकल्प पर जाने के बाद ऑनलाइन भुगतान हेतु उपभोक्ता क्रमांक अथवा पंचनामा/पेज क्रमांक में से किसी एक विकल्प का चयन करने पर सतर्कता के अनंतिम/अंतिम बिल की जानकारी प्रदर्शित होगी। साथ ही पूर्व में जारी किये गये सतर्कता जांच के देयकों को भी पूर्ण विवरण के साथ व्यु बिल विकल्प के माध्यम से देखा जा सकेगा उपभोक्ता निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर अपनी सुविधानुसार ऑनलाइन भुगतान हेतु क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई अथवा क्यू आर कोड के माध्यम से आसानी से बिल का भुगतान कर सकते हैं।

### अस्थाई कनेक्शन लेकर ही झांकी-पंडाल की सज्जा करें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** गणेशोत्सव त्यौहार तथा अन्य त्यौहारों में पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने माकूल प्रबंध किए हैं। कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे गणेशोत्सव के दौरान धार्मिक पण्डालों एवं झाँकियों में बिजली साज-सज्जा,नियमानुसार ऑनलाइन अस्थाई कनेक्शन लेकर ही करें। बिजली कंपनी के पोर्टल पर जाकर निर्धारित प्रपत्र में सही, संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए अस्थायी कनेक्शन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें। लायसेंसी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट आवेदन में संलग्न करें एवं वायरिंग इत्यादि लायसेंसधारी विद्युत ठेकेदार से ही करवाएं। आवेदन में दर्शाए अनुसार विद्युत भार के अनुरूप सुरक्षा निधि एवं अनुमानित विद्युत उपभोग की राशि अग्रिम जमा कराकर बिजली कंपनी से अस्थाई कनेक्शन की रसीद अवश्य लें। रसीद की लेमीनेटेड प्रति अनिवार्य रूप से पंडाल/झाँकी के सामने लगाएं। आवेदित विद्युत भार से अधिक भार का उपयोग विद्युत साज-सज्जा के लिए न करें। विद्युत कनेक्शन मीटरीकृत होगा एवं विद्युत देयक की बिलिंग नियमानुसार अस्थायी कनेक्शन हेतु लागू घरेलू दर पर की जाएगी।झांकियों के निर्माण एवं विद्युत साज-सज्जा में सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें।अनधिकृत तरीके से विद्युत का उपयोग न करें। अधिक जानकारी के लिए कंपनी के टोल फ्री नंबर 1912 पर भी कॉल कर सकते हैं। अधिक भार से ट्रांसफार्मर के जलने की संभावना तथा दुर्घटना की आशंका। पारेषण एव वितरण प्रणाली पर विपरीत असर होने से अंधेरे की संभावना। अनधिकृत विद्युत उपयोग करने पर इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 के तहत उपयोगकर्ता एवं जिस विद्युत ठेकेदार से कार्य कराया गया है, उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही। अनधिकृत विद्युत उपयोग की दशा में संबंधित विद्युत ठेकेदार के लायसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही।

# भगवान पशुपतिनाथ की शाही सवारी में उप मुख्यमंत्री देवड़ा शामिल हुए

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली भगवान पशुपतिनाथ की पाँचवीं सवारी के क्रम में शाही सवारी निकाली गई। भगवान पशुपतिनाथ पालकी में सवार होकर प्रजा को दर्शन देने एवं हाल चाल जानने के लिये निकले।

भगवान पशुपतिनाथ की सवारी में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा शामिल हुए। सवारी में शामिल होने के दौरान उप मुख्यमंत्री ने भगवान पशुपतिनाथ शाही सवारी के रथ को अपने हाथों से खींचा तथा सवारी के साथ पैदल चले। उन्होंने भगवान पशुपतिनाथ का पूजन-अर्चन किया। पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में ही सवारी प्रारंभ होने से पूर्व पुलिस विभाग द्वारा भगवान पशुपतिनाथ को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके पश्चात भगवान पशुपतिनाथ नगर भ्रमण पर निकले। सवारी में पहली बार पुलिस बैंड भी शामिल रहा। इस दौरान लोक सभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, एएसपी श्री गोतम सोलंकी अन्य अधिकारी, कर्मचारी, बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद थे।



## बिजली कर्मी से मारपीट करने पर आरोपियों के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रायसेन वृत्त के अंतर्गत देहगांव में शासकीय कार्य के दौरान बिजली कर्मचारी से अभद्र व्यवहार एवं मारपीट करने के आरोप में चार आरोपियों पर एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है कि कंपनी के रायसेन वृत्त के अंतर्गत देहगांव वितरण केन्द्र में पदस्थ सहायक प्रबंधक अड्डाला गणेश अमरेंद्र ने रायसेन थाने में लिखित एफ.आई.आर. में बताया कि पंकज सक्सेना और कमल सिंह बिजली कंपनी में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में पदस्थ हैं। इनके द्वारा बिजली बिल वसूली के दौरान आरोपी भगवान सिंह मीणा, बृजेश मीणा, अंतर सिंह मीणा एवं उपेंद्र मीणा के द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालने के साथ ही बिजली कंपनी के कर्मचारियों से अभद्रता, दुर्व्यवहार एवं मारपीट की गई। कंपनी द्वारा घटना के तुरंत बाद शासकीय कार्य में बाधा डालने, बिजली कर्मचारी से मारपीट एवं दुर्व्यवहार करने पर रायसेन के थाना देहगांव में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों से दुर्व्यवहार या मारपीट के मामलों को शासकीय कामकाज में बाधा डालने के तौर पर लिया जाकर तुरंत कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कंपनी ने मैदानी अधिकारियों/कर्मचारियों से कहा है कि विद्युत आपूर्ति की स्थिति पर लगातार नजर रखें और जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर किसी भी अप्रिय स्थिति में उनसे आवश्यक सहयोग प्राप्त करें।




## जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनीं आवेदकों की समस्याएं

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में मंगलवार को एडीएम श्री भूपेंद्र गोयल, संयुक्त कलेक्टर मोहम्मद इकबाल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती निधि चौकसे एवं अन्य अधिकारियों ने जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से लगभग 36 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र गोयल एवं अन्य अधिकारियों ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने न केवल मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।



## वन एवं पर्यावरण मंत्री रावत ने लाड़ली बहनों से रक्षासूत्र बँधवा कर आशीर्वाद प्राप्त किया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रामनिवास रावत विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अगरा में पार्वती माता मंदिर क्षेत्र की लाड़ली बहना रक्षाबंधन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बहनों से रक्षासूत्र बँधवा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री श्री रावत ने बहनों को उपहार स्वरूप साड़ी और मिठाई भेंट की। उन्होंने कहा कि भाई-बहन के इस अटूट रिश्ते और अनंत प्रेम के त्यौहार को हम सब मिलकर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनायें। श्री रावत ने कहा कि हमारी सरकार बहनों के सम्मान, आदर एवं नारी उत्थान के लिये प्रतिबद्ध है। आप लोगों के आशीर्वाद से प्रदेश में चारों ओर खुशहाली छाई हुई है। राज्य शासन द्वारा जनता के हित के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं से समाज में महिलाओं को सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है। परिसर में पौध-रोपण भी किया गया। वन मंत्री श्री रावत ने ग्राम इकलोद में तेज बाबा के दरबार में मत्था टेककर प्रदेश की खुशहाली के लिये आशीर्वाद प्राप्त किया। ग्राम चकपारोद में भी कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्रीय जनों से मुलाकात भी की।

मंत्री श्री रावत ने कहा कि राज्य शासन गरीब कल्याण, किसान और युवाओं को रोजगार देने के लिये अनेक योजनाएँ संचालित कर रहा है। रक्षाबंधन त्यौहार का क्रम अभी जारी रहेगा। मेरी कोशिश रहेगी कि अधिक से अधिक बहनों के पास पहुँचकर रक्षासूत्र बंधवाऊं। इस अवसर पर लाड़ली बहनाएँ, जन-प्रतिनिधि और आम नागरिक उपस्थित रहे।



## राज्यमंत्री गौर ने विधानसभा क्षेत्र के भाइयों को राखी बांधी




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) श्रीमती कृष्णा गौर ने आज निवास पर रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के भाइयों को राखी बांधी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाई-बहन के अटूट स्नेह और विश्वास का पवित्र पर्व है रक्षाबंधन।उन्होंने सभी को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि राखी का पवित्र धागा ऐसा पवित्र बंधन है जिसमें स्नेह की डोर बंधी है, यह त्यौहार हमारी संस्कृति का परिचायक है और राष्ट्र रक्षा का संकल्प भी है।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा में आईटी पार्क और रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की समीक्षा की

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उप मुख्यमन्त्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा में प्रस्तावित आईटी पार्क और रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने आईटी पार्क के लिए प्रस्तावित स्थल, विभिन्न प्रावधानों, सुविधाओं की समीक्षा कर निर्देश दिये कि आईटी पार्क में अत्याधुनिक सुविधाओं को शामिल किया जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा में प्रस्तावित रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की तैयारियों की जानकारी भी प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव को सफल बनाकर क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए समेकित प्रयास किए जायें। उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रावधानों को भी योजना में शामिल किया जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मल्टी-परपज़ आईटी पार्क गुढ़ और सोलर पार्क के लिए आवश्यक आधारभूत आवश्यकताओं के लिए निर्देश दिये। बैठक में एमडी एमपीआईडीसी श्री चन्द्रमौली शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## 14 हज़ार 364 बहनों ने मंत्री श्री सारंग को बांधी राखी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने विश्व के सबसे बड़े रक्षाबंधन महोत्सव %नरेला रक्षाबंधन महोत्सव% का एकतापुरी दशहरा मैदान से शुभारंभ किया। रक्षाबंधन के अवसर पर हजारों की संख्या में बहनों ने अपने भैया विश्वास की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधे। पहले दिन लगभग 14 हज़ार 364 बहनों ने नरेला रक्षाबंधन महोत्सव में हिस्सा लिया। रक्षाबंधन महोत्सव के दौरान सावन के गीतों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर बहनों के लिए मेंहदी व चूड़ी श्रृंगार स्टॉल भी लगाये गए थे। विगत 15 वर्षों से रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम का यह पहला मौका था जब रक्षाबंधन के दिन ही बहनों ने मंत्री श्री सारंग को रक्षासूत्र बांधे। इस अवसर पर भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रहीं। सहकारिता, खेल युवा कल्याण मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नरेला क्षेत्र को उन्होंने कभी भी राजनैतिक नजरिये से नहीं देखा बल्कि हमेशा अपना परिवार माना है। 'नरेला रक्षाबंधन महोत्सव' नरेला विधानसभा का सबसे भव्य महोत्सव है। प्रतिवर्ष 1 लाख से अधिक बहनें रक्षा-सूत्र बांधकर अपना स्नेह और आशीर्वाद प्रदान करती हैं। यह रक्षाबंधन महोत्सव सनातन संस्कृति की अमिट मिसाल है। नरेला रक्षाबंधन महोत्सव के पहले दिन नरेला विधानसभा के वार्ड 38, एकतापुरी दशहरा मैदान में हज़ारों की संख्या में बहनें राखी बांधने पहुंची। समारोह में स्वयं कतारबद्ध होकर बहनों ने अपनी बारी का इंतजार किया और अपने भैया विश्वास सारंग को राखी बांधी।

बुजुर्ग बहनों ने रक्षा-सूत्र बांधकर मंत्री श्री सारंग के सिर पर हाथ रखकर आशीष दिया। नरेला रक्षाबंधन महोत्सव विगत 15 वर्षों से हर रक्षाबंधन के अवसर पर नरेला विधानसभा में आयोजित किया जा रहा है। पिछले वर्ष लगभग 1 लाख 41 हजार 324 बहनों ने मंत्री श्री सारंग को रक्षासूत्र बांधा था। वहीं इस बार भी 1 लाख से अधिक बहनों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।



# सौतेले बेटे ने पिता की हत्या की

## वारदात को छिपाने के लिए कर ली थी अंतिम संस्कार की तैयारी

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** कोतवाली थाना क्षेत्र में संपत्ति विवाद पर सौतेले पुत्र ने अपने पिता की पीट पीटकर हत्या कर दी है। हत्या करने के बाद आरोपी सौतेले पिता की अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गया था। तभी इसकी सूचना पुलिस को मिल गई। कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और अंतिम संस्कार रुकवा कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के देवरी टोला जुगवारी के रहने वाले दादूराम सिंह (50) वर्ष की इस घटना में मौत हुई हैए हत्या करने वाला आरोपी मृतक का सौतेला पुत्र रंजीत सिंह हैए जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।



पुलिस के अनुसार रंजीत मृतक दादूराम का सौतेला पुत्र है और आए दिन संपत्ति की बात को लेकर पिता पुत्र में विवाद हुआ करता था। सौतेले पुत्र का मृतक से विवाद हुआए तभी घर में रखी लाठी से आरोपी ने दादू राम को पीट-पीट कर गंभीर घायल कर दियाए कुछ देर बाद दादू राम की घर पर मौत हो गईए मौत के बाद आरोपी ने इसकी जानकारी किसी को नहीं दीए आरोपी की मां और बहने भी घर में मौजूद थी लेकिन उन्होंने भी गांव के किसी भी व्यक्ति को इसकी कोई खबर नहीं दी।

जब सुबह पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने दादू राम के घर पहुंच उसे आवाज दी लेकीन दादू राम घर से नही निकला तभी आरोपी सौतेला पुत्र सामने आया जिससे पूछताछ की लेकिन आरोपी घबरा गया और सही जवाब पड़ोसी को नहीं दे सकाए संदेह होने पर पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने मंगलवार को ही पुलिस को मामले की खबर दीए पुलिस मौके पर पहुंची तब आरोपी अपने सौतेले पिता के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा थाए तभी पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र तिवारी ने बताया की संपत्ति विवाद में सौतेले पुत्र ने अपने पिता की हत्या की हैए लाठी डंडों से पीट-पीट कर हत्या करने की बात सामने आई है। पीएम रिपोर्ट के बाद और भी स्पष्ट हो सकेगाएअभी आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने सफाई कर्मियों को बांधी राखी



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** भाजपा महिला मोर्चा की बहनों ने नगर पालिका परिषद सीधी में कार्यरत अपने सफाई कर्मी भाइयों की कलाई में राखी बांध कर उन्हे भाई .बहन के इस पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन की बधाई दी। महिला मोर्चा की सभी बहनों के द्वारा अध्यक्ष श्रीमती पूनम सोनी के नेतृत्व में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ भाइयों को रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री ज्योति कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष निशा सिंह, कोषाध्यक्ष महिमा तिवारी, प्रियंका द्विवेदी, संगीता सिंह वार्ड ₹ मांक 24 पार्षद गीता सिंह, पार्षद सुभा देवी कोल, मोर्चा की नगर अध्यक्ष कंचन केसरी, तारा साहू, रन्नु साकेत, सविता सोनी, पूजा तिवारी, रीता जयसवाल, निशा पटेल सहित महिला मोर्चा के सभी बहने उपस्थिति रही।

# ट्रक में घुसा श्रद्धालुओं का ऑटो, 7 की मौत

## मृतकों में एक साल की बच्ची शामिल, 6 घायल, यूपी से बागेश्वर धाम जा रहे थे



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में श्रद्धालुओं से भरा ऑटो ट्रक में जा घुसा। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। 6 घायल हैं। 5 की हालत गंभीर है, जिन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है। बाकी एक का इलाज छतरपुर जिला अस्पताल में चल रहा है।

एक्सीडेंट कदारी के पास नेशनल हाईवे-39 पर मंगलवार सुबह करीब 5 बजे हुआ। मृतकों में बुजुर्ग और एक साल की बच्ची शामिल हैं।

सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मिक चौबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश के महोबा रेलवे स्टेशन से 13 श्रद्धालु ऑटो से बागेश्वर धाम जा रहे थे। इसी दौरान ड्राइवर को झपकी आ गई और ऑटो ट्रक से जा टकराया।

छतरपुर एसपी अगम जैन ने बताया कि पांच लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई थी, दो ने अस्पताल में दम तोड़ा। सभी श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।

**मां को नहीं पता बेटी और पति मौत हो गई:** हादसे में डेढ़ साल की अंशिका और उसके पिता जनार्दन की भी मौत हुई है। लेकिन मासूम की मां संगीता यादव को इस बारे में नहीं बताया गया है। संगीता ने बताया, हम लखनऊ के रहने वाले हैं। बेटी अंशिका के मुंडन के लिए बालाजी (बागेश्वर धाम) जा रहे थे। साथ में पति और तीन बेटियां थीं। बेटी के मुंडन से पहले हादसा हो गया। दो बेटियां यहीं हैं, लेकिन छोटी बेटी और पति नहीं दिख रहे हैं।

# कुएं में मिली युवक की लाश

## परिजन जता रहे हत्या की आशंका, विरोध के बाद एसपी पहुंचे घटना स्थल पर

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** ब्यौहारी थाना क्षेत्र के ढोंढा गांव में एक 35 वर्षीय युवक का शव कुएं में मिला है। घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच कर मामले की पड़ताल में जुटे गए। जानकारी के मुताबिक सोनवार रात फोन आते ही युवक घर से निकला था जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। मंगलवार को घर से 6 किलोमीटर दूर कुएं में उसकी लाश मिली है। थाना प्रभारी अरुण पांडेय ने बताया कि कोयलारी गांव निवासी संतोष उर्फ पप्पू दुबे (35) सोमवार रात घर से निकला था। घर से 6 किलोमीटर दूरी पर एक कुएं में उसका शव तैरता मिला। बताया गया कि युवक संतोष के फोन पर रात एक फोन आया और उसे घर से बाहर बुलवाया गया। जिसके बाद संतोष घर वापस नहीं लौटा। रात भर जब युवक घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसकी रात में ही तलाशी



शुरू कर दी।

**परिजन जता रहे हत्या की आशंका:** युवक की संदिग्ध अवस्था में कुएं में लाश मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की पुलिस से मांग की है। काफी संख्या में लोग वहां इकट्ठा हैं और कुएं से खबर लिखे जाने तक शव नहीं निकल गया था। थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हत्या की आशंका को मानते हुए परिजनों ने विरोध शुरू कर दिया है। लोगों के विरोध के बाद एसडीओपी भी घटना स्थल पहुंचे हैं। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक भी शहडोल से मौके के लिए रवाना हो चुके हैं।

**मामले में जांच जारी है:** थाना प्रभारी अरुण पांडे ने बताया कि संदिग्ध अवस्था में कुएं में युवक की लाश मगंलवार को मिली है। परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं। युवक के फोन पर किसी का फोन आया था जिसके बाद युवक घर से निकला था। मामले पर मर्ग कायम कर विवेचना जारी है।

# मोगली पलटन ने मनाया सुरक्षा बंधन, वृक्षों को बाँधी राखी



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** रक्षा बंधन का त्योहार तो हम सभी मनाते हैं। पर इस बार मोगली पलटन ने इस रक्षा बंधन में कुछ अनोखा प्रयोग किया है। ऋषिकेश फ़ाउण्डेशन के सेवादारों और मोगली पलटन के बाल सेनानियों ने सीधी शहर की गलियों में घूम.घूमकर वृक्षों को राखी बांधी और वृक्ष संरक्षण का वादा किया। ये राखी एक सुरक्षा बंधन है। इस बंधन में परस्पर सुरक्षा का वादा निहित है। हम वृक्षों को बचाएँगे और बदले में वृक्ष हमें बचाएँगे। किसी भी पारितंत्र में बुनियादी स्तर पर उत्पादक होते हैं, उस पारितंत्र के शेष सभी घटक उत्पादकों पर निर्भर करते हैं। हमारा पारितंत्र हमारी पृथ्वी है। इस पारितंत्र में उत्पादक वनस्पतियाँ हैं। वृक्ष संख्या और बायोमास के दोनों ही दृष्टिकोण से इन वनस्पतियों में वृक्षों का तुलनात्मक महत्व बहुत अधिक है। हम जो भी खाते हैं अनाज, फल, सब्जियाँ आदि सभी कुछ वनस्पतियों से ही मिलता है। यहाँ तक कि हम साँस भी इसीलिए ले पाते हैं क्यूँकि वृक्ष ऑक्सिजन प्रदान करते हैं। इस प्रकार देखा जाय तो वृक्ष हमारे प्राणरक्षक हैं। इसलिए वृक्षों की सुरक्षा हमारे अपने अस्तित्व के लिए अनिवार्य है। इसी तथ्य को ध्यान रखते हुए मोगली पलटन ने वृक्षों के साथ सुरक्षा बंधन मनाया। मोगली पलटन ने सभी बच्चों से अपील की है कि अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगायें। इस बात का ध्यान रखें कि जो पेड़ आप लगा रहे हैं वो स्थानीय पारितंत्र के अनुकूल हों। जैसे. सीधी में नीम, पीपल, बरगद, दहिमन आदि का ही पेड़ लगायें।

# आवारा पशुओं के विचरण की समस्या निवारण के लिए बैठक आयोजित

## जन्माष्टमी तक अभियान चलाकर सड़कों से पशुओं को हटाएं : सांसद

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** आवारा पशुओं के विचरण की समस्या के निवारण के लिए सांसद डॉ राजेश मिश्रा की अध्यक्षता तथा विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम तथा विधायक सीधी रीती पाठक की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रवीन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेष द्विवेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।



सांसद डॉ मिश्रा ने कहा कि पशुओं के सड़कों में विचरण के कारण प्रतिवर्ष कई सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। जिसमें हम कई बहुमूल्य जिन्दगियां खो देते हैं। मानव जीवन के साथ-साथ पशुधन की भी हानि होती है। आवारा पशुओं के कारण किसानों के फसलों का नुकसान होता है। साथ ही जिले में पशु क्रुरता के मामलों में भी वृद्धि हो रही है। सांसद ने कहा कि उक्त समस्या के निराकरण के लिए अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करने की आवश्यकता है। जन्माष्टमी के पर्व तक अभियान चलाकर सड़कों पर विचरण करने वाले पशुओं को नजदीकी गौशालाओं में भेजने की कार्यवाही की जाए। सर्वप्रथम नगरीय क्षेत्रों तथा प्रमुख मार्गों से पशुओं को हटाने की कार्यवाही की जाए। सांसद ने कहा कि जिले में पूर्ण हो चुकी गौशालाओं का निरीक्षण कर उसमें आधारभूत बिजली, पानी, चारे आदि की व्यवस्था कर प्रारंभ कराये। पूर्व से संचालित गौशालाओं का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करें। पशु चिकित्सा विभाग गौशालाओं का नियमित भ्रमण आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। सांसद ने किसानों को नरवाई नहीं जलाने के प्रति जागरूक करने तथा फसलों के अवशेष पैरा, भूसा आदि गौशालाओं में दान करने प्रेरित करने को कहा है। सांसद ने गौशालाओं के संचालन में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कहा है। सांसद ने कहा कि सीमावर्ती जिलों से पशुओं के आवागमन में निगरानी रखें जिससे लोग अपने पशुओं को अनावश्यक रूप से हमारे जिले में नहीं छोड़ें। ऐसे किसानों का जो जानबूझकर पशुओं को छोड़ते हैं उन्हे आर्थिक दण्ड भी दिया जाये।

विधायक धौहनी टेकाम ने कहा कि आगामी तीन दिवसों में सभी गौशालाओं का निरीक्षण कर उनमें बिजली, पानी, चारा, बाउण्ड्री आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें। सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण कराकर गौशालाओं का संचालन प्रारंभ करायें। जिले की इच्छुक समितियों का गौसंवर्धन बोर्ड में पंजीयन कराते हुए उन्हें संचालन की जिम्मेदारी सौंपें।

विधायक सीधी पाठक ने कहा कि उक्त समस्या के निवारण के लिए समय-सीमा तय कर मिशन मोड में कार्यवाही करनी होगी। ऐसी गौशालाएं जो पूर्ण स्थिति में हैं उनका संचालन प्रारंभ करायें तथा ऐसी गौशालाएं जो पूर्णता की ओर हैं उनहे शीघ्रता से पूर्ण करायें। सीधी नगरपालिका क्षेत्र में कांजी हाउस का सुचारू संचालन सुनिश्चित करें।

# महोबा रोड पर फायर करने वाले बदमाश को जेल

## कार भी जब्त, पुरानी रंजिश के चलते चलाई थी गोली



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने गोली मारकर हत्या का प्रयास करने वाले एक आरोपी को मंगलवार देर शाम गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि 16 अगस्त को सागर-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग प्रकाश रेस्टोरेंट के पास फायरिंग करने की सूचना प्राप्त हुई थी। थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए।

फरियादी पीड़ित मोहम्मद हुसैन निवासी विश्वनाथ कॉलोनी जो अपने भाई के साथ बाइक से जा रहा था। उसने थाने में आकर जान से मारने के संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत नामजद सनी उर्फ संजय उर्फ सफी खान निवासी बगराजन के पास छतरपुर, इम्तियाज मंसूरी निवासी बर्फ की फैक्ट्री के पास क्रिश्चियन स्कूल के पीछे छतरपुर और आदिल अली निवासी महल तिराहा छतरपुर के विरुद्ध हत्या का प्रयास का अपराध पंजी बद्ध किया गया।

आरोपी घटना के बाद मौके से कार से फरार हो गए थे। घटना के बाद से ही पुलिस के द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर सोमवार देर रात पुलिस ने गोली चलाने वाले मुख्य आरोपी सनी उर्फ संजय उर्फ सफी खान पिता गनी खान निवासी बगराजन माता के पास छतरपुर को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से घटना में प्रयुक्त हुंडई क्रेटा कार जब्त की गई। उससे पूछताछ की गई घटना का कारण पुरानी रंजिश होना बताया। सोमवार देर शाम को आरोपी को न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है।

आदतन अपराधी सनी उर्फ संजय उर्फ सफी खान के विरुद्ध हत्या का प्रयास,अवैध वसूली, मारपीट,जुआ एक्ट अवैध हथियार जैसे 15 अपराध दर्ज हैं। शेष आरोपियों की तलाश व विवेचना कार्रवाई जारी है।

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि 16 अगस्त को सागर कानपुर राष्ट्रीय मार्ग पर फायरिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसे कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# कन्या आश्रम बमुरी में ग्रामीणों ने स्कूल गेट पर लगाया ताला, दिया धरना



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जनपद पंचायत सीधी अंतर्गत ग्राम पंचायत बमुरी के जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावास में व्यापक भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए अधीक्षक के तानाशाही रवैया तथा उनके पति द्वारा ग्रामीणों, अविभावको के साथ अभद्र व्यवहार करने के विरोध में ग्रामीण जन तथा अविभावको ने विरोध स्वारूप कन्या आश्रम के बाउंड्री गेट में ताला बंद कर धरना दिया।

ग्रामींणो ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सविता नागर शिक्षक स्वयं सप्ताह में एक दो दिन कुछ घंटो के लिए स्कूल आती है और फिर चली जाती हैं। रात्रि विश्राम कन्या आश्रम की जगह जिला मुख्यालय में करती है। अपने स्थान पर दैनिक मजदूरी पर गांधीग्राम की एक महिला को रखी हुई हैं। बच्चियां रात्रि में अपने घर चली जाती है, सुबह सायं का नाश्ता, भोजन उनको नही दिया जाता है। सविता नागर के पति स्कूल आश्रम का पूरा कार्य देखते हैं। इस विषय को लेकर अविभावको का कहना है की पूर्व में कई बार शिकायत की गई लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ग्रामीणो ने आगे बताया कि जब तक सविता नागर का निलंबन उच्च अधिकारियों द्वारा नही किया जाता है तब तक विरोध जारी रहेगा। संकुल प्राचार्य उपनी के निर्देश पर प्रधानाध्यापक बमुरी सुखेंद्र सिंह के समझाइश के बाद ताला खोल दिया गया है, लेकिन विरोध प्रदर्शन जारी है।

# मड़वास पुलिस ने नशा विक्रेता को धर दबोचा, 19 हजार का गांजा किया जप्त

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पुलिस अधीक्षक डॉ.रविंद्र वर्मा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थो के परिवहन भण्डारण एवं वि₹ य करने वालो एवं सार्वजनिक स्थलो पर इसके सेवन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में चौकी प्रभारी मड़वास उपनिरीक्षक केदार परौहा के नेतृत्व में मड़वास पुलिस ने 1.835 कि.ग्रा. अनुमानित कीमत 19 हजार रूपये जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

चौकी प्रभारी मड़वास केदार परौहा ने बताया कि 19 अगस्त को चौकी प्रभारी मड़वास को जरिये मुखविर सूचना मिली कि एक व्यक्ति जो कि भगवा रंग की टीसर्ट पहने है पीठ में पीठू बैग टांगे है उक्त बैंग में




अबैध मादक पदार्थ गांजा लेकर रेलवे स्टेशन मड़वास से मड़वास बाजार तरफपैदल पैदल आ रहा है। उक्त सूचना से चौकी प्रभारी मड़वास द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया जाकर उनके निर्देशन में स्वयं के नेतृत्व में एक टीम गठित कर मुखविर के बताये स्थान तरफरवाना होकर मड़वास रेवले स्टेशन रोड के पास संदेही का इंतजार किया। जिसे देखने पर रोकवाया गया एवं उसका नाम पता पूछा गया जो अपना नाम रामसुन्दर जायसवाल पिता रामदयाल जायसवाल उम्र 30 बर्ष निवासी दरीमाडोल चौकी मड़वास थाना मझौली जिला सीधी का होना बताया। जिसके बाद संदेही की तलाशी ली गई तो उसकी पैन्ट की जेब में रेलवे यात्रा टिकट गढ़वा रोड जक्सन से सरई का टिकट मिला एवं पिठू बैग पीठ से उतरवाकर संदेही के द्वारा बैग की चैन खोलवाकर देखा गया जो उसके बैंग में दो पैकेट बरामद हुए। जिसको खुलवाकर देखा गया जो अबैध मादक पदार्थ गांजा जैसा होना पाया गया। उक्त अबैध मादक पदार्थ गांजा रखने बेचने एवं परिवाहन करने के संबंध में संदेही से दस्तावेज चाहे गये जो कोई भी दस्तावेज नहीं होना बताया गया, बाद उक्त अबैध मादक पदार्थ गांजा की तौल कराया गया जो कुल 1.835 कि.ग्रा. कीमती 18535 रूपये का अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। जिसे जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 8/20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने पर आरोपी रामसुन्दर जायसवाल पिता रामदयाल जायसवाल उम्र 30 वर्ष निवासी दरीमाडोल चौकी मड़वास थाना मझौली जिला सीधी म.प्र. के विरुद्ध अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त समस्त कार्यवाही चौकी प्रभारी मड़वास उप निरीक्षक केदार परौहा, प्रआर.गोविन्द नारायण सिंह, खतकराज सिह, लोकेन्द्र सिह एवं राहुल गिरवाल का सराहनीय योगदान रहा है।

# एथलेटिक्स संघ ने सीधी से बढ़ौरा तक निकाली तिरंगा यात्रा



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला एथलेटिक्स संघ के द्वारा 20 अगस्त सोमवार को सुबह 5 बजे छत्रसाल स्टेडियम से शिव धाम बढ़ौरा मंदिर तक छात्रों के द्वारा तिरंगा झंडा लेकर यात्रा पूरी की गयी। यात्रा का शुभारंभ छत्रसाल स्टेडियम में एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष राहुल वर्मा, आर्मी रिटायर योग्य सेन गुप्ता, विश्व हिन्दू परिषद के नगर मंत्री अनिल मिश्र व एथलेटिक्स संघ के सचिव रोशन जायसवाल, एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष माखन मिश्रा, योग टीचर संध्या मिश्रा के द्वारा एथलेटिक्स फिजिकल एकेडमी के खिलाड़ियो को हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया गया। सभी खिलाड़ी बड़े ही जोश के साथ यात्रा को पूर्ण कियें।

# विचार

## इतिहास के उन ओझल पन्नों की याद

अगस्त का महीना हमारी आजादी के इतिहास को ही समेटे नहीं है, बल्कि इस महीने के साथ कई क्रांतियों का गौरवमयी इतिहास भी समाहित है। तारीख में उन घटनाओं को तवज्जो तो मिली है, लेकिन भावी इतिहास के संदर्भ में उनके असर को अहमियत नहीं दी गई है। बलिया, तामलुक और सतारा की क्रांतियों और वहां स्वाधीन भारत से पहले ही सुराजी या स्थानीय सरकार की स्थापनाओं ने भावी इतिहास पर कितना असर डाला, इस नजरिए से उन्हें नहीं देखा-समझा गया।नौ अगस्त 1942 की सुबह मुंबई में कांग्रेस के पूरे शीर्ष नेतृत्व को गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस के मुंबई अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए आ रहे वालंटियर और कार्यकर्ताओं को या तो रास्तों के स्टेशनों पर ही उतार दिया गया या फिर गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पहले की रात को कांग्रेस 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव स्वीकार कर चुकी थी। संदर्भ के लिए बता दें कि 'भारत छोड़ो' का नारा कांग्रेस में सक्रिय समाजवादी धड़े के युवा नेता युसूफ मेहर अली ने दिया था। चूंकि आज की तरह उन दिनों संचार के माध्यम नहीं थे, लिहाजा गांधी, नेहरू, पटेल समेत तमाम कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व की गिरफ्तारी की खबरें देर से देश के सुदूरवर्ती इलाकों में पहुंचीं। जैसे-जैसे ये जानकारी पहुंची, इलाकों में अंग्रेज सरकार के खिलाफ बढ़ता चला गया। यूरोपीय देशों की सभ्यता की इतिहासकार जब भी चर्चा करते हैं, ब्रिटिश और फ्रेंच समाज को सबसे ज्यादा सुसंस्कृत माना जाता है। लेकिन ब्रिटिश समाज कितना सभ्य था, इसे भारत में किए उसके दमन से समझा जा सकता है। दिलचस्प यह है कि बयालिस की क्रांति के दौरान ही दूसरा विश्व युद्ध जारी था। यूरोप में हिटल को नाजी बताकर ब्रिटिश सेनाएं उसके विरोध में युद्धरत थीं। तब जर्मन शासक हिटलर यूरोप की नजर में असभ्य था। हिटलर को असभ्य और अमानवीय बताने वाली ब्रिटिश सरकार भारत में उन्हीं दिनों हिटलर जैसा ही कहर ढा रही थी। इतिहास में बयालिस की क्रांति और अंग्रेजों के दमन को इस नजरिए से भी कभी व्याख्यायित नहीं किया गया। बयालिस के आंदोलन के दौरान अंग्रेजों का दमनचक्र हर उस इलाके में पूरी क्रूरता के साथ चला, जहां के लोगों ने सुराज के लिए आवाज बुलंद की। बलिया को कुछ ज्यादा ही दमनचक्र से गुजरना पड़ा। इसकी वजह यह रही कि बलिया ने खुद को आजाद घोषित कर दिया। 18 अगस्त को बैरिया, रसड़ा, सुखपुरा आदि जगहों पर हुई अंधाधुंध गोलीबारी और उसमें नौजवानों और छात्रों के बलिदान से बलिया का खून खौल उठा। तकरीबन करीब दस लाख की आबादी सड़कों पर उतर आई। रेलवे लाइनें उखाड़ डाली गईं, थाने और तहसील लूट लिए गए। दिलचस्प यह है कि तब बलिया के कलेक्टर कोई अंग्रेज नहीं, भारतीय जगदीश्वर चंद्र निगम थे। लोगों का गुस्सा इतना बढ़ा कि निगम को हारकर बलिया जेल में बंद कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चित्तू पांडेय को छोड़ना पड़ा। 19 अगस्त के दिन बलिया ने खुद को आजाद घोषित कर दिया और चित्तू पांडेय उस सरकार के मुखिया बने, जबकि क्रांतिकारी महानंद मिश्र पुलिस प्रमुख। इस आजादी के बाद जिस व्यवस्था ने पांच-छह दिनों तक व्यवस्था चलाई, उसे 'सुराजी सरकार' नाम दिया गया था।

# सस्ती एवं नकारात्मक राजनीति है लेटरल एंट्री का विरोध

**भारतीय नौकरशाही संरचना के प्रभावी एवं परिणामकारी प्रदर्शन को निश्चित रूप से लेटरल एंट्री प्रक्रिया के साथ पूरक किया जा सकता है। लेटरल एंट्री नई बाहरी प्रतिभाओं को लाकर, सरकारी अधिकारियों को सार्वजनिक कल्याण के लिए और अधिक काम एवं प्रभावी काम करने के लिए प्रेरित करके नियमित सरकारी अधिकारियों को पूरक कर सकते हैं, लेकिन लेटरल एंट्री की प्रणाली को अधिक समावेशी, पारदर्शी और असरदार बनाने के लिए एक निश्चित नीति के साथ आगे बढ़ने एवं इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सकारात्मक रवैया अपनाना देश विकास के लिये जरूरी प्रतीत होता है। इसके लिये वर्तमान नरेन्द्र मोदी सरकार ने जो कदम उठाया है, उस पर राजनीति करने करने की बजाय उसमें देशहित को सामने रखा जाना चाहिए। वैश्वीकरण ने शासन के काम को अत्यंत जटिल बना दिया है और यही वजह है कि इस क्षेत्र में विशेषज्ञता और कौशल की मांग पहले से बहुत अधिक बढ़ गई है।**



अर्थव्यवस्था और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में थिंक-टैंकों की आवश्यकता के मद्देनजर तथा अन्य ऐसे विभागों में जहाँ विशिष्ट प्रकार की सेवाओं की आवश्यकता होती है, लेटरल एंट्री से संयुक्त सचिवों की नियुक्ति की जानी प्रांसगिक एवं उपयोगी कदम है। संघ लोक सेवा आयोग ने केंद्र सरकार के 24 मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव की भूमिकाओं के लिए प्रतिभाशाली, कार्यक्षम और दक्ष भारतीय नागरिकों से 45 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करके सिविल सेवाओं में लेटरल एंट्री (सीधी भर्ती) का स्वागतयोग्य एवं सराहनीय प्रयोग कर रहा है। भले ही इस मुद्दे को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों में विरोध के स्वर देखने को मिल रहे हैं। वैसे भी ऐसे राजनीतिक लोगों एवं दलों की आंखों में किरणें आंज दी जाये तो भी वे यथार्थ को नहीं देख सकते। क्योंकि उन्हें उजाले के नाम से एलर्जी है। विपक्षी दलों विशेषत: कांग्रेस ने एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवारों के आरक्षण की उपेक्षा के लिए सिविल सेवाओं में लेटरल एंट्री नीति की आलोचना की है। जबकि भारत में सिविल सेवाओं में लेटरल एंट्री का तात्पर्य सरकार के मध्य और वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर पेशेवरों एवं प्रतिभाशाली कर्मियों की भर्ती से है। जिसमें प्रतिभाशाली एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य विशिष्ट कौशल और विशेषज्ञता लाना है जो पारंपरिक नौकरशाही ढांचे में उतनी प्रभावी प्रतीत नहीं हो रही है। कई संभावित और अच्छे प्रशासक हैं जो अपनी कम उम्र के दौरान सरकार द्वारा आयोजित परीक्षाओं में भाग नहीं लेते हैं। लेटरल एंट्री उन्हें शासन तंत्र का हिस्सा बनने और राष्ट्र निर्माण में योगदान करने का अवसर प्रदान करता है। नया भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत निर्मित करने में इन प्रतिभाओं का उपयोग होना राष्ट्र में एक नयी रोशनी का अवतरण हो सकता है। देखा यह गया है कि जब भी ब्यूरोक्रेसी में सुधार की चर्चा होती है, तो इसका विरोध होने लगता है, जो विरोधाभासी एवं विडम्बनापूर्ण होने के साथ-साथ संकीर्ण राजनीति का द्योतक हैं। कांग्रेस और कुछ अन्य दलों की ओर से जिस तरह लेटरल एंट्री पर आपत्ति जताई जा रही है, वह यही बताती है कि नकारात्मक राजनीति की जा रही है। यह आश्चर्जनक है कि ऐसे देश-विकास एवं राष्ट्र-निर्माण के निर्णयों एवं मुद्दों का विरोध करने की राजनीति की कमान राहुल गांधी अपने हाथ में लेते हुए दिख रहे हैं। कम से कम उन्हें तो इससे बचना चाहिए, क्योंकि राहुल गांधी को यह नहीं भूलना चाहिए कि वित्त सचिव के रूप में मनमोहन सिंह की नियुक्ति लेटरल एंट्री ही थी और वह भी बिना किसी निर्धारित प्रक्रिया के। भारत में लेटरल एंट्री कोई नई बात नहीं है। पहले भी भारत में इसका फायदा उठाया जा चुका है। मुख्य आर्थिक सलाहकार की नियुक्ति लेटरल एंट्री से ही की जाती रही है।


पूर्व आर्थिक सलाहकार मोंटेक सिंह अहलूवालिया, आधार की नींव रखने वाले नंदन नीलेकणि जैसी बड़ी हस्तियां इसी के जरिए प्रशासन में शामिल हुईं। यह व्यवस्था तदर्थ आधार पर की गई है, यह संस्थागत नहीं है। लेटरल एंट्री की व्यवस्था सिर्फ भारत में ही है। ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड और बेल्जियम जैसे पश्चिमी देशों में पहले से ही सभी क्षेत्रों के योग्य कर्मियों के लिए विशिष्ट सरकारी पदों को खोल दिया है। यह नौकरी के लिए बेहतरीन प्रतिभाओं को आकर्षित करने का एक बेहतर तरीका पाया गया है। स्पष्ट है कि कांग्रेस एक बार फिर अपने शासन के समय सुधार की दिशा में उठाए गए कदम का विरोध कर रही है। इसके विपरीत वर्तमान सरकार एक तय प्रक्रिया के तहत लेटरल एंट्री कर रही है। इसी कारण इसकी जिम्मेदारी संघ लोक सेवा आयोग को दी गई है। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों को यह भी पता होना चाहिए कि लेटरल एंट्री के जरिये जो नियुक्तियां की जा रही हैं, वे अस्थायी हैं। ये नियुक्तियां केवल तीन वर्ष के लिए हैं और उनमें अधिकतम दो वर्ष की वृद्धि की जा सकती है। प्रशासन में सुधार की हर पहल को आरक्षण से जोड़ना केवल यही नहीं बताता कि वोट बैंक की सस्ती राजनीति अनियंत्रित हो रही है, बल्कि यह भी इंगित करता है कि आरक्षण को हर मर्ज की दवा मान लिया गया है। यह ठीक नहीं कि होनी को अनहोनी बनाने का प्रयत्न हो। वैसे लेटरल एंट्री राष्ट्रहित का मुद्दा है। जिस पर 2002 की संविधान समीक्षा आयोग ने भी सिफ़ारिश वकालत की। मनमोहन सिंह के समय 2005 की द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग ने केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर लेटरल एंट्री के लिए एक संस्थागत और पारदर्शी प्रक्रिया की सिफारिश की। स्पष्ट है कि कांग्रेस एक बार फिर अपने शासन के समय सुधार की दिशा में उठाए गए कदम का विरोध कर रही है। नीति आयोग ने अपने तीन-वर्षीय कार्य एजेंडा में लेटरल एंट्री के विचार का समर्थन किया। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि लेटरल एंट्री से विशेष ज्ञान और प्रशासनिक कौशल को शामिल करके शासन में सुधार की क्षमता को विकसित किया जा सकता है। शासन में सचिवों का क्षेत्रीय समूह ने भी लेटरल एंट्री प्रणाली का समर्थन किया। यह तर्क दिया गया कि लेटरल एंट्री प्रासंगिक विशेषज्ञता वाले पेशेवरों को पेश करके सार्वजनिक सेवाओं की प्रभावशीलता को बढ़ाया सकता है और उसे उच्च परिणामकारी बनाया जा सकता है। विरोध के लिये विरोध करने की सोच एवं उद्देश्यहीन, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक नीति के द्वारा किसी का भी हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होती। राहुल गांधी और कुछ अन्य विपक्षी नेताओं की ओर से यह जो माहौल बनाया जा रहा है कि लेटरल एंट्री के जरिये विभिन्न मंत्रालयों में विशेषज्ञों की नियुक्तियों से आरक्षित वर्गों के हितों को नुकसान होगा, उसका इसलिए कोई औचित्य नहीं, क्योंकि यह कहीं नहीं कहा गया है कि इन वर्गों के लोग आवेदन नहीं कर सकते।

राहुल गांधी किस तरह अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ को पूरा करने के लिए एक झूठा विमर्श खड़ा रहे हैं, इसका पता इससे भी चलता है कि 2019 के लोकसभा चुनाव के समय स्वयं उन्होंने पूर्व सैन्य अधिकारियों को लेटरल एंट्री के जरिये सिविल सेवाओं में शामिल करने का वादा किया था। लेटरल एंट्री का उद्देश्य है कि जहां कहीं भी कुशल और जानकार लोग हों, उनकी प्रशासन के संचालन में सेवाएं ली जाएं, ताकि सरकारी नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। इसमें कोई दो राय नहीं कि ब्यूरोक्रेसी में सुधार की आवश्यकता है, लेकिन ऐसा करने से पहले इसे राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त करने की भी आवश्यकता है। राजनीतिक रूप से मजबूत और स्थिर नरेंद्र मोदी की सरकार ने कंपनियों के दिवालिया होने से जुड़े विवादों के निपटारे, जीएसटी लागू करने, नोटबंदी और कृषि क्षेत्र जैसे कई अहम सुधार किए हैं। मोदी सरकार ने श्रम कानूनों को भी सरल बनाया है। लेकिन, इन सुधारों को लेकर उन्हें उस वक्त के मुकाबले कड़े विरोध का सामना करना पड़ा है, जब पहले पहल इन सुधारों का प्रस्ताव रखा गया था। लेटरल एंट्री जैसे मुद्दे पर भारी विरोध के बादल मंडरा सकते हैं, इसके लिये भाजपा और साथ ही मोदी सरकार को इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि विपक्षी दल उसके खिलाफ झूठा नरेटिव खड़ा कर जनता को गुमराह न करने पाएं।

# राष्ट्र विकास का प्रमुख स्तंभ है 'अक्षय ऊर्जा'

**योगेश कुमार गोयल**

पूरी दुनिया में पारम्परिक ऊर्जा के मुकाबले अक्षय ऊर्जा की मांग लगातार तेजी से बढ़ रही है। दरअसल वर्तमान में पूरी दुनिया पर्यावरण संबंधी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है और पारम्परिक ऊर्जा स्रोत इस समस्या को और ज्यादा विकराल बनाने में सहभागी बन रहे हैं, जबकि अक्षय ऊर्जा इन गंभीर चुनौतियों से निपटने में कारगर साबित हो सकती है। यही कारण है कि भारत में भी अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा इत्यादि का उत्पादन बढ़ाने के लिए बड़ी-बड़ी परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। विभिन्न अवसरों पर प्रधानमंत्री सौर ऊर्जा को 'श्योर, प्योर और सिक्योर' बताते हुए अक्षय ऊर्जा के महत्व को स्पष्ट रेखांकित कर चुके हैं। अक्षय ऊर्जा उत्पादन के मामले में भारत की यह बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है कि भारत दुनियाभर में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में चौथे स्थान पर पहुंच चुका है। देश में अक्षय ऊर्जा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ही वर्ष 2004 से प्रतिवर्ष 20 अगस्त को अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया जाता है। प्रदूषणकारी और सीमित मात्रा में उपलब्ध पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों की बजाय अक्षय ऊर्जा से ही ऊर्जा जरूरतें पूरी करने के लिए अब देश के अलग-अलग हिस्सों में विभिन्न अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं से उत्पादित होने वाली बिजली के कारण वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में प्रतिवर्ष लाखों टन की कमी आएगी। यह संतोषजनक स्थिति ही है कि भारत नई-नई अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के साथ तेजी से इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। कर्नाटक के



पावगाड़ा में 2000 मैगावाट से अधिक क्षमता के सोलर पार्क सहित रीवा से भी ज्यादा सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रहे कुछ और सोलर पार्क भी देश में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। बहरहाल, यह जानना बहुत जरूरी है कि अक्षय ऊर्जा आखिर है क्या और इसके स्रोत कौन से हैं? अक्षय ऊर्जा असीमित और प्रदूषणरहित है, या वह ऊर्जा है जिसका नवीकरण होता रहता है। ऊर्जा के ऐसे प्राकृतिक स्रोत, जिनका क्षय नहीं होता, अक्षय ऊर्जा के स्रोत कहे जाते हैं। अक्षय ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्रोतों में सूर्य, जल, पवन, ज्वार-भाटा, भू-ताप इत्यादि प्रमुख हैं। उदाहरण के लिए सौर ऊर्जा को ही लें। सूर्य सौर ऊर्जा का मुख्य स्रोत है, जिसकी रोशनी स्वत- ही पृथ्वी पर पहुंचती रहती है। यदि हम सूर्य की इस रोशनी को सौर ऊर्जा में परिवर्तित नहीं भी करते हैं, तब भी यह रोशनी तो पृथ्वी पर आती ही रहेगी लेकिन चूंकि सूर्य से प्राप्त होने वाली इस असीमित ऊर्जा के उपयोग से न तो यह ऊर्जा घटती है और न ही इससे पर्यावरण को किसी भी प्रकार की क्षति पहुंचती है, इसीलिए सूर्य से प्राप्त होने वाली इस ऊर्जा को अक्षय ऊर्जा कहा जाता है। ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन से बचाव के दृष्टिगत ही आज अक्षय ऊर्जा को अपनाना समय की सबसे बड़ी मांग है। दरअसल पूरी दुनिया इस समय पृथ्वी के बढ़ते तापमान और ग्लोबल वाृमग के कारण बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं को लेकर बेहद चिंतित है, इसीलिए कोयला, गैस, पैट्रोलियम पदार्थों जैसे ऊर्जा के परम्परागत स्रोतों की बजाय अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। भारत सहित कई प्रमुख देशों में अब थर्मल पावर प्लांटों में कोयले के इस्तेमाल को कम करते हुए सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा जैसे अक्षय ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्रोतों का उपयोग किया जाने लगा है। दरअसल आज स्वच्छ वातावरण के लिए कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांटों की बजाय क्लीन और ग्रीन एनर्जी की पूरी दुनिया को जरूरत है और इन्हीं जरूरतों को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री 'वन वर्ल्ड, वन सन, वन ग्रिड' की बात करते हुए इस ओर पूरी दुनिया का ध्यान आजूषत कर चुके हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता कई गुना बढ़ चुकी है। इसके अलावा करीब साढ़े 3 दशक पूर्व पवन ऊर्जा से ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने की शुरू की गई पहल के बाद से देश की पवन ऊर्जा उत्पादन क्षमता भी काफी बढ़ चुकी है। चीन, अमरीका और जर्मनी के बाद भारत अब पवन ऊर्जा उत्पादन के मामले में भी चौथे स्थान पर है। फिलहाल जिस प्रकार देश में शुद्ध, सुरक्षित और भरोसेमंद ऊर्जा की ओर तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं, उससे लगता है कि अगले कुछ दशकों में देश की कोयला, गैस इत्यादि प्रदूषण पैदा करने वाले स्रोतों से ऊर्जा पर निर्भरता काफी कम हो जाएगी। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2030 तक देश की अक्षय ऊर्जा स्थापित क्षमता को 500 गीगावाट तक विस्तारित करने का लक्ष्य रखा गया है और 2030 तक देश के कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन को 1 बिलियन टन तक कम करने, दशक के अंत तक देश की अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता को 45 प्रतिशत से कम करने तथा वर्ष 2070 तक नैट-जीरो कार्बन उत्सर्जन प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हाल ही में मूडीज रेटिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का लक्ष्य 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा का उत्पादन करना है और भारत को 2030 तक इस अक्षय ऊर्जा लक्ष्य को पूरा करने के लिए 385 बिलियन डॉलर का निवेश करना होगा। मूडीज के अनुसार, भारत हालांकि 2022 तक 175 गीगावाट के अपने लक्ष्य से चूक गया था लेकिन 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत की गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता को प्रतिवर्ष 50 गीगावाट बढ़ाने की योजना है और मूडीज के अनुमान के मुताबिक 44 गीगावाट की वार्षिक क्षमता वृद्धि भी लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी। मूडीज का कहना है कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत को आगामी 6-7 वर्षों में 190-215 बिलियन डॉलर तथा ट्रांसमिशन और वितरण पर 150-170 बिलियन डॉलर खर्च करने होंगे। मूडीज के मुताबिक, भारत के मजबूत नीतिगत समर्थन ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपनी बिजली उत्पादन क्षमता में अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी को करीब 43 प्रतिशत तक बढ़ा दिया, साथ ही निजी क्षेत्र के निवेश को भी आकर्षित किया है। नवीकरणीय ऊर्जा में लगातार वृद्धि भी देखी जा रही है लेकिन रिपोर्ट में कहा गया है कि कोयला अगले 10 वर्षों तक बिजली उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मूडीज का कहना है कि उसे उम्मीद है कि भारत अगले 5-6 वर्षों में कोयला आधारित क्षमता में प्रतिवर्ष 40-50 गीगावाट जोड़ेगा, जिससे बिजली की मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी,

# दोस्त ने दोस्त का रेता गला, हालत गंभीर

## जिले मुख्यालय में 48 घंटे के अंदर चार घटनाएं, भिलाई में भी चला चाकू

**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** दुर्ग जिला मुख्यालय में 48 घंटे के भीतर 4 जानलेवा वारदात को अंजाम दिया गया। इसमें दो की मौत हो गई है और दो की हालत गंभीर बनी हुई है। भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र में भी दो गुटों में चाकूबाजी हुई है। पुलिस सभी मामलों की तहकीकात कर रही है।

दुर्ग कोतवाली थाना अंतर्गत राजीव नगर में एक युवक ने अपने ही दोस्त का कटर से गला रेत दिया। जानकारी के मुताबिक तीन बस्ती चौक डॉक्टर दुकान के पास बीती देर रात डेढ़ से दो बजे के करीब की घटना है। वहां कुछ लड़के अपने दोस्त का बर्थडे मना रहे थे। घायल के दोस्त ने बताया कि इसी दौरान वहीं का रहने वाला सौरभ साहू और राहुल वैद्य कार से बर्थडे मनाने आए थे।





सौरभ ने चौक से तीन लड़कों को कार में बैठाया। वो कार लेकर कुछ दूर पहुंचा था कि एक दोस्त को उल्टी होने लगी। उसने कार को रुकवा दिया। इसी दौरान अचानक सौरभ ने अपने पास रखे चाकूनुमा कटर को निकाला और राहुल वैद्य का गला रेत दिया। राहुल लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। इससे पहले की सौरभ राहुल के ऊपर और वार करता वहां मौजूद लड़कों ने सौरभ को धक्का देकर दूर गिरा दिया।

राहुल को खून से लतपथ देखकर सौरभ मौके पर अपनी कार को छोड़कर मिलपारा की तरफ से भाग या। इसके बाद बाकी लड़कों ने राहुल को सौरभ की कार में बैठाया और जिला अस्पताल लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने उसे श्रीशंकाराचार्य हॉस्पिटल रेफर किया। उसके दोस्त उसे जिला अस्पताल से सीधे हाईटेक अस्पताल ले गए और उसे वहां भर्ती कराया। खबर लिखे जाने तक हालू की हालत काफी नाजुक बनी हुई है और उसे आईसीयू में रखा गया है।

**खुर्सीपार में हुई चाकूबाजी एक गंभीर:** इधर भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र में मंगलवार तड़के 4 बजे चाकूबाजी की घटना हुई। खुर्सीपार निवासी सोनू अपने परिजनों के साथ आंगन में बाहर सो रहा था। सुबह 4 बजे के करीब कुछ लोग वहां पहुंचे और उसके पास रखे मोबाइल को लेकर भागने लगे। अचानक सोनू की नींद खुल गई और वो उन लोगों को पकड़ने के लिए दौड़ा। कुछ दूर आगे जाने के बाद उन चारों ने सोनू को घेर लिया और इसके बाद चाकू और पेचकस से उसके सिर और कमर में कई वार किए। इससे सोनू वहीं ढेर हो गया। पीछे से पहुंचे परिजनों ने उसे लहूलुहान हालत में सुपेला अस्पताल पहुंचाया। वहां से उसे जिला अस्पताल दुर्ग रेफर किया गया है। खुर्सीपार पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

दो की मौत और दो की जान खतरे में

दुर्ग जिले में सोमवार को दो मर्डर और एक आदमी पर जानलेवा हमला हुआ है। पहली घटना में कुछ युवकों ने एक निगरानी बदमाश आकाश शर्मा को चाकू से गोदकर मार डाला। इसमें एक युवक विशाल शर्मा की हालत नाजुक बनी हुई है। दूसरी घटना मोहन नगर थाना अंतर्गत की है। यहां एक शराबी बेटे ने अपने पिता के साथ बैठकर शराब पी और फिर उसे मौत के घाट उतार दिया। वहीं तीसरी घटना में एक दोस्त ने दूसरे दोस्त के ऊपर लाठी से इसलिए जानलेवा हमला कर दिया, क्योंकि उसने उसे टीवी का चैनल नहीं बदलने दिया। उसकी भी हालत नाजुक बनी हुई है।

## महिला हेड कॉन्सटेबल ने की ठगी

### मामा डिप्टी रेंजर हैं कहकर लिए 1.78 लाख, प्रधान आरक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज




**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक महिला आरक्षक ने नौकरी लगवाने के नाम पर 1 लाख 78 हजार की ठगी की है। बताया जा रहा है कि महिला आरक्षक जब दंपती की नौकरी नहीं लगवा सकी तो पैसे भी वापस नहीं किए। इसके बाद छावनी थाने में महिला आरक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर ने बताया कि बैकुंठधाम कैंप-2 निवासी अजय गुप्ता (50 साल) ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। उसकी पत्नी किरण गुप्ता की जान पहचान दुर्ग पुलिस में कार्यरत महलि प्रधान आरक्षक मोनिका सोनी उर्फ मोनिका गुप्ता से काफी पहले से थी। 2 जून 2023 को मोनिका गुप्ता बैकुंठधाम उनके घर आई थी। वहां उसने उसकी पत्नी किरण से मुलाकात की।

**महिला आरक्षक बोली- मामा डिप्टी रेंजर हैं:** बातचीत के दौरान मोनिका गुप्ता उनकी बेटी पलक से मिली और उसकी पढ़ाई के बारे में पूछा। किरण ने ने बताया कि वह नौकरी के लिए तैयारी कर रही है। मोनिका गुप्ता ने कहा कि उसकी वन विभाग में अच्छी पहचान है। वन रक्षक के पद पर नौकरी लगवा देगी। मामा वन विभाग में डिप्टी रेंजर के पद पर हैं। उनकी बड़े अधिकारियों से अच्छी पहचान है। आपकी बेटी की नौकरी लगवा देंगे।

मोनिका गुप्ता ने कहा कि नौकरी के लिए 2 लाख रुपए लगेंगे। यह सुनने के बाद किरण गुप्ता ने पैसे देकर नौकरी लगवाने से इनकार कर दिया था, लेकिन मोनिका गुप्ता बार बार घर आती रही। किरण गुप्ता को पैसे देने के लिए मना लिया।

इस दौरान बेटी की नौकरी लग जाएगी इस आस में किरण गुप्ता ने 2 जून से 15 जून 2023 के बीच कुल 1,78,000 रुपए मोनिका को दे दिए, लेकिन उसके बाद से आज तक उसने ना पैसा लौटाया ना नौकरी लगवाई।

**एक लाख का चेक दिया वह भी बाउंस:** पीड़ित परिवार ने पैसे देने का दबाव बनाया तो मोनिका गुप्ता ने सिक्योरिटी के रूप में 1 लाख रुपए का चेक दिया। जब अजय गुप्ता ने अपने अकाउंट में उस चेक को लगाया तो वह बाउंस हो गया।

**झूठे केस में फंसा देने की दी धमकी:** चेक बाउंस होने के बाद अजय गुप्ता ने मोनिका गुप्ता को कहा कि अगर वो पैसा नहीं वापस करेगी तो वो पुलिस में जाएंगे। इतना सुनने के बाद वह खुद उन्हें पुलिसिया खौफ दिखाने लगी। उसने उन्हें धमकी दी कि वो उन्हें कोई रकम वापस नहीं करेगी जो करना है कर ले।

थाने जाओगे तो वो खुद उन्हें झूठे केस में फंसवा देगी। इसके बाद दंपति ने छावनी थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना मनेद्रगढ़, भरतपुर और खड़गवां में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिकाओं के पद के लिए संबंधित ग्राम के निवासी स्थानीय महिला उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

आवेदन पत्र 16 अगस्त 2024 से 09 सितंबर 2024 तक कार्यालय बाल विकास परियोजना मनेद्रगढ़, भरतपुर और खड़गवां में (अवकाश दिवस को छोड़कर) कार्यालयीन दिवस में समय 10.00 बजे से 5.30 बजे तक आवेदन पत्र जमा किया जावेगा। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# रिमोट के लिए दोस्त का फोड़ा सिर

## चैनल बदलने को लेकर झगड़ा, युवक ने लाठी से किए कई वार, हालत गंभीर

**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में टीवी का चैनल बदलने पर दोस्त ने लाठी से सिर फोड़ दिया। बताया जा रहा है कि युवक से रिमोट मांगा तो उसने देने से मना कर कर दिया। इससे गुस्सा होकर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। लहूलुहान दोस्त को गंभीर हालत में रायपुर रेफर किया गया है।

मामला दुर्ग कोतवाली थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 1 नयापारा का है। घायल की बहन सरस्वती शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका भाई राकेश तिवारी अपने दोस्त संतोष उर्फ बादशाह ढीमर के घर गया था। अपने घर में ही संतोष ने उसके भाई राकेश को लाठी से मारा है।



**फर्श पर खून से लथपथ पड़ा था राकेश:** सरस्वती ने बताया कि पड़ोसी नारायण चंदेल ने उसे फोन कर वारदात की जानकारी दी। राकेश लहूलुहान हालत में बांधातालाब के पास कुंदरा में पड़ा है। खबर लगते ही वह लोग घटनास्थल पर पहुंचे। वहां राकेश घर के बाहर फर्श पर खून से लथपथ पड़ा था। उसके सिर में गंभीर चोट आई है।

घायल की बहन ने बताया कि उसे दुर्ग जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां इलाज के बाद डॉक्टरों ने रायपुर रेफर कर दिया। राकेश का इलाज रायपुर के निजी अस्पताल में चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

**टीवी का चैनल बदलने की बात पर झगड़ा:** पुलिस ने बताया कि दोनों दोस्त टीवी देख रहे थे, लेकिन आरोपी संतोष को वह चैनल पंसद नहीं आ रहा था, उसे बदलना चाह रहा था। इसके लिए वह राकेश से रिमोट मांग रहा था, लेकिन राकेश रिमोट देने से मना कर दिया। संतोष नाराज हो गया और राकेश से गाली गलौज करने लगा।

इस दौरान आवेश में आकर संतोष ने लाठी उठाया और राकेश के सिर पर कई वार कर दिए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने जेल भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## पति ने पत्नी और सास को मारा चाकू

### नशे में धुत होकर पहुंचा था घर, शराब दुकान में भी नाबालिगों ने चलाया चाकू



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शराबी युवक ने पत्नी और सास पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में दोनों मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं दूसरी घटना में शराब दुकान में पैसे की विवाद की बात पर दो नाबालिग समेत 4 लोगों ने एक युवक को चाकू मार दिया। इन दोनों मामलों में पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है।

खम्हारडीह पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 18 अगस्त को घनश्याम दीप अपने घर शराब पीकर पहुंचा। शराब पीने की बात पर उसकी पत्नी के साथ झगड़ा हो गया। वह गाली गलौज करने लगा। विवाद बढ़ा तो उसने चाकू से अपनी पत्नी के हाथ पर वार कर दिया।

**आरोपी घनश्याम को गिरफ्तार कर लिया:** दोनों के बीच झगड़े को शांत कराने जब सास आई तो घनश्याम ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी घनश्याम को गिरफ्तार कर लिया है।

**शराब दुकान के सामने भी चाकूबाजी:** खम्हारडीह थाने के ही कचना शराब दुकान के पास प्रेमदास बर्मन अपने लेबर लोगों के लिए शराब खरीदने पहुंचा था। इस दौरान वहां पर अमन देवार और बॉबी देवार अन्य दो नाबालिगों के साथ मिलकर उससे शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगे।

प्रेमदास ने जब पैसे देने से मना किया। तो चारों आरोपियों ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट में प्रेमदास के सीने पर चाकू भी मारा गया। इस मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# ट्रक में घुसी तेज रफ्तार कार, एक मौत

## दोस्त की हालत नाजुक, बनने आई थी कस्टमर की गाड़ी, ट्रायल के दौरान हादसा

**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में तेज रफ्तार एसयूवी कार खड़े ट्रक के पीछे जा घुसी। हादसे में कार ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई। वहीं दोस्त गंभीर रूप से घायल है। घायल को राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पूरा मामला स्मृति नगर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार हादसा सोमवार शाम करीब 6 बजे हुआ। कार इतनी रफ्तार में थी कि ट्रक से टकराने के बाद चकनाचूर हो गई। इंजन वाला हिस्सा पूरी तरह अंदर की ओर धंस गया है। बताया जा रहा है कि कार बनने आई थी, जिसे ट्रायल के लिए लेकर गए थे, तभी हादसा हुआ है।



**अवंती बाई चौक के पास ट्रक में घुसी कार:** स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि भारत गैस का सिलेंडर ले जाने वाला ट्रक ट्रक अवंती बाई चौक के पास सड़क किनारे खड़ा था, तभी एक कार तेज रफ्तार में आई। कार को राधिका नगर निवासी विनय मिश्रा चला रहा था। उसके बगल में फरीद नगर निवासी शफीक खान नाम का युवक बैठा था।

पुलिस ने बताया कि विनय कार को कंट्रोल नहीं कर पाया। सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा घुसा। हादसे में कार के एयर बैग नहीं खुलने से ड्राइवर उसी के साथ दब गया। विनय मिश्रा को काफी अंदरुनी चोटें आई हैं।

**जेसीबी की मदद से कार को ट्रक के नीचे से निकाला:** दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने देखा कि एक युवक जिंदा है। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने उसे बड़ी मशक्कत से कार से बाहर निकाला। हाईटेक अस्पताल भेजा गया। वहीं स्मृति नगर पुलिस ने विनय मिश्रा के शव को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में रखवाया। जेसीबी की मदद से कार को ट्रक के नीचे से निकाला गया, तब ट्रैफिक क्लीयर हो सका।

**होटल व्यवसायी का बेटा था मृतक:** कार चालक विनय मिश्रा (35 साल) एक होटल व्यवसायी का बेटा था। उसके पिता का नेहरु नगर में खाने पीने का होटल है। विनय उस होटल को संभालता था, जिस कार का एक्सीडेंट हुआ वह घायल शफीक के दोस्त की थी और बनने के लिए आई थी। ट्रायल के नाम पर विनय उस कार को लेकर शफीक के साथ निकला था।

## कलेक्टर जनदर्शन में 05 आवेदन हुए प्राप्त

**एमसीबी निप्र।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आज कुल 05 आवेदन प्राप्त हुए। आज के जनदर्शन में आवेदक रामसाय निवासी बुंदेली ने भूमि ज़मीन विवाद निराकरण के संबंध में शिकायत की। साथ ही, अभिषेक कुमार पाण्डेय निवासी मनेन्द्रगढ़ एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह में निर्धारित सेटअप से अधिक कर्मचारियों की नियुक्ति की शिकायत के संबंध में, आवेदक सरपंच ग्राम पंचायत महराजपुर विद्युत् व्यावस्था में सुधार करने के संबंध में, सरपंच ग्राम पंचायत महराजपुर भौतिक विषय का शिक्षक नियुक्ति के संबंध में, अब्दुल लतीफ निवासी खोंगापानी इलेक्ट्रिक साईकल के संबंध में शिकायत लेकर उपस्थित हुए थे।

## यादव समाज ने की विधायक की रिहाई की मांग

### बिलासपुर-मुंगेली में बोले- बलौदाबाजार हिंसा केस में षड्यंत्र पूर्वक फंसाया गया

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर/मुंगेली एजेंसी।** बलौदाबाजार हिंसा मामले में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी का विरोध किया जा रहा है। मुंगेली में यादव समाज ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यादव समाज के जिला संरक्षक संजय यादव ने साय सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संजय यादव ने कहा कि विधायक देवेंद्र यादव को षड्यंत्र पूर्वक फंसाया गया है। बलौदाबाजार घटना में विधायक देवेंद्र यादव कुछ मिनटों के लिए ही उपस्थित हुए थे। चूंकि उनका रायगढ़ जाने का कार्यक्रम पहले से प्रस्तावित था। ऐसे में वो 10 मिनट के लिए ही कार्यक्रम में शामिल हुए।

**साजिश के तहत गिरफ्तारी का आरोप:** जिसके बाद विधायक यादव कार्यक्रम स्थल से रायगढ़ के लिए निकल गए। यादव समाज का कहना है कि पुलिस के पास न तो किसी तरह का भड़काऊ वीडियो या कोई भी साक्ष्य है, जिसमें ये पता चले की देवेंद्र यादव ने भड़काऊ बयान दिया है।

**एफआईआर की कॉपी तक नहीं दी गई:** बिलासपुर में भी यादव समाज ने कहा कि भिलाई विधायक के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है और बिना किसी गुनाह के उन पर 307 जान से मारने की कोशिश, 148, घातक हथियार लेकर दंगा, 147, दंगा करना 294, सार्वजनिक स्थल पर अश्लील भाषण और लगभग 20 गंभीर धारा लगाकर गिरफ्तारी किया गया है। यहां तक कि पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद अब तक यादव परिवार को एफआईआर की कॉपी तक नहीं दी है।

**पूरे छत्तीसगढ़ में प्रदर्शन की चेतावनी:** यादव समाज के जिला संरक्षक संजय यादव ने कहा कि जल्द ही इस मामले में विधायक देवेंद्र यादव की रिहाई की जानी चाहिए। जल्द रिहाई नहीं होने पर यादव समाज छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में धरना प्रदर्शन करेगा।

**तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन:** ज्ञापन लेने के बाद तहसीलदार कुणाल पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री के नाम यादव समाज ने ज्ञापन दिया है।

# बिलासपुर में शाम को हुई झमाझम बारिश

## सावन के आखिरी दिन बढ़ गई थी गर्मी और उमस, अब लोगों को मिली राहत

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर जिले में सोमवार को सावन की विदाई बेला के साथ ही सूर्य की तपिश बढ़ गई थी। अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री पर पहुंच गया। जिसके चलते धूप की चुभन और गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। अब मंगलवार करीब 4.45 बजे शाम को मौसम बदला और झमाझम बारिश हुई।

जिससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। जिले में मानसून ब्रेक के बाद अब खंड वर्षा की स्थिति बन गई है। रविवार को कोटा क्षेत्र में जमकर बारिश हुई, जिसके चलते वातावरण में नमी आ गई। वहीं, सोमवार को भी सुबह से लेकर दोपहर तक धूप की चुभन महसूस हुई।





**सावन के अंतिम दिन धूप ने सताया:** जिले में इस बार मानसून सक्रिय होने के बाद अच्छी बरसात हुई। सावन महीने की शुरुआत में झमाझम बरसात हुई, जिसके चलते नदी-नाले और डैम उफान पर आ गए। रविवार को कोटा क्षेत्र में हुई बारिश की वजह से अरपा का जलस्तर बढ़ा गया। वहीं, सावन के आखिरी दिन यानी की सोमवार को गर्मी ने बेहाल कर दिया। धूप की चुभन के बीच लोग पसीने से तरबतर नजर आए।

**आज हो सकती है हल्की से मध्यम बारिश:** मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण बांग्लादेश और उसके आसपास स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। यह उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होने की संभावना है।

मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, सीकर, उरई, वनस्थली, सीधी, रांची और उसके बाद निम्न दाब के केंद्र तक स्थित है। इसके प्रभाव से बिलासपुर सहित प्रदेश के अनेक स्थानों पर मंगलवार को हल्की से मध्यम वर्षा होने और गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई थी।

## महाराष्ट्र के बदलापुर में 4 साल की बच्चियों का यौन-शोषण

**मुंबई ( एजेंसी )।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के बीच ठाणे के बदलापुर में एक स्कूल में 3 और 4 साल की दो बच्चियों के यौन-शोषण का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी सामने आने के बाद गुस्साई भीड़ और पुलिस के बीच मंगलवार को झड़प हुई। भीड़ ने पहले स्कूल में तोड़फोड़ की, उसके बाद बदलापुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनें रोकीं। पुलिस ने लाठीचार्ज कर रेलवे ट्रैक खाली कराया। भीड़ सुबह से रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर जमा थी। इससे लोकल ट्रेनों की आवाजाही रुकी थी। इससे पहले पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे, जिसके बाद लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। घटना में कई लोग घायल हुए हैं। 23 साल के आरोपी ने 16 अगस्त को स्कूल के बाथरूम में बच्चियों का यौन-शोषण किया था। बच्चियों के पेरेंट्स ने एक दिन बाद (17 अगस्त) एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने पीओसीएसओ एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी अक्षय शिंदे को गिरफ्तार कर लिया है। इलाके की महिला इंस्पेक्टर शुभदा शितोले का ट्रांसफर कर दिया गया है। स्कूल प्रिंसिपल, क्लास टीचर और एक महिला कर्मचारी को निलंबित किया गया है। सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की है। केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने को कहा गया है।

## सीरम इंस्टिट्यूट मंकीपॉक्स वैक्सीन बनाएगा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी सीरम इंस्टिट्यूट ने मंकीपॉक्स वैक्सीन बनाने का ऐलान किया है। कंपनी के सीईओ अदार पूनावाला ने बताया- एमपीओएक्स के ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित होने के बाद लाखों लोगों की मदद करने के लिए हम एक वैक्सीन विकसित कर रहे हैं। उम्मीद है कि एक साल के अंदर हम इसे बना लेंगे। केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को एमपीओएक्स के बढ़ते मामलों के बीच देश के सभी पोर्ट और एयरपोर्ट के साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश बॉर्डर पर अलर्ट जारी किया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अधिकारियों को बाहर से आने वाले यात्रियों में मंकीपॉक्स के लक्षणों को लेकर सतर्क रहने के लिए कहा है। फिलहाल भारत में अभी मंकीपॉक्स से कोई संक्रमित नहीं है। आखिरी मामला मार्च 2024 में सामने आया था। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 19 अगस्त को दिल्ली में केंद्र के तीन बड़े अस्पतालों- राम मनोहर लोहिया, सफदरजंग और लेडी हार्डिंग में नोडल सेंटर्स बनाए हैं। इन अस्पतालों में मंकीपॉक्स के मरीजों के इलाज और देखभाल के लिए आइसोलेशन वार्ड बनाए गए हैं। केंद्र ने सभी राज्य सरकारों को उनके राज्य के अस्पतालों में मंकीपॉक्स के मरीजों के लिए जरूरी व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक के आकलन के मुताबिक, मंकीपॉक्स के बड़े पैमाने पर फैलने का खतरा कम है। इसे शॉर्ट में एमपीओएक्स कहते हैं।

## खड़गे और राहुल आज जम्मू-कश्मीर जाएंगे

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी दो दिन के दौरे पर बुधवार को जम्मू-कश्मीर जाएंगे। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद दोनों नेताओं का यह पहला दौरा है।

पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा- दोनों नेता 21 अगस्त को दोपहर में जम्मू और 22 अगस्त को श्रीनगर में रहेंगे। वे नेताओं से चुनावी तैयारियों पर बातचीत करेंगे। शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव में इंडियागठबंधन को मिली सफलता को देखते हुए राहुल विधानसभा चुनाव में भी सभी भाजपा विरोधी पार्टियों को एकजुट रखना चाहते हैं। वह विधानसभा चुनाव में भी गठबंधन की रणनीति पर बात करेंगे। उधर, पीडीपी के मुख्य प्रवक्ता सुशील बुखारी ने अपनी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। खड़गे और राहुल ने 19 अगस्त को जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के महासचिवों, प्रभारियों और स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यों से मुलाकात की थी। वेणुगोपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लिए केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक अगले तीन-चार दिनों में होगी। पार्टी जम्मू-कश्मीर में गठबंधन के लिए तैयार है और इसका मुख्य उद्देश्य भाजपा को सरकार से बाहर रखना है।

## पूर्व सऊदी अधिकारी का दावा, प्रिंस सलमान ने शाही आदेश पर किए पिता के जाली हस्ताक्षर

**दुबई (एजेंसी)।** सऊदी अरब के एक पूर्व अधिकारी साद अल-जाबरी ने आरोप लगाया है कि युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ युद्ध की शुरुआत करने के लिए एक शाही आदेश पर अपने पिता के जाली हस्ताक्षर किए थे। सऊदी अरब की ओर से अल-जाबरी के आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने सोमवार को ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) पर प्रकाशित साक्षात्कार में यह आरोप लगाया। हालांकि, उन्होंने आरोपों को समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया। बाद में अल-जाबरी ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को भेजे विस्तृत बयान में इन आरोपों को दोहराया है।



**सऊदी अरब के शासकों से रहा है विवाद :** कनाडा में निर्वासन में रह रहे पूर्व मेजर जनरल और खुफिया अधिकारी अल-जाबरी का काफी समय से सऊदी अरब के शासकों से विवाद रहा है। अल-जाबरी का कहना है कि उनके दो बेटों को एक मामले में जेल में डाल दिया गया है ताकि उन्हें सऊदी अरब लौटने पर मजबूर होना पड़े। उन्होंने 'एपी' को बताया, "मैं एक असंतुष्ट व्यक्ति नहीं हूं, ना ही मैं अपनी इच्छा से इस स्थिति में पहुंचा हूं। मैं सऊदी अरब में एक उच्चस्तरीय अधिकारी था, जिसने खुद को देश की सुरक्षा के लिए समर्पित कर दिया। मुझे हजारों सऊदी और पश्चिमी देशों के निवासियों की जान बचाने के लिए जाना जाता है। अब मैं एक पिता होने के नाते अपने बच्चों को रिहा कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा हूं।"

**ओबामा प्रशासन के साथ हुआ समझौता:** सऊदी अरब के बादशाह सलमान (88) के बेटे और उत्तराधिकारी मोहम्मद अक्सर अपने पिता की जगह नेताओं से मुलाकात करते हैं, ऐसे में अल-जाबरी के आरोप महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। अल-जाबरी ने बीबीसी को बताया कि सऊदी अरब के गृह मंत्रालय से जुड़े एक "भरोसेमंद" अधिकारी ने उन्हें बताया था कि युवराज मोहम्मद ने युद्ध छेड़ने के लिए एक आदेश पर अपने पिता की जगह खुद हस्ताक्षर किए थे। उस समय मोहम्मद रक्षा मंत्री हुआ करते थे। बाद में, अल-जाबरी ने एपी को बताया कि उन्होंने यमन में "हूती खतरों को खत्म करने, संघर्ष करने और जमीनी हस्तक्षेप के बिना राजनीतिक व्यवस्था को लागू करने के उद्देश्य से हवाई हमलों की शुरुआत करने के लिए तत्कालीन ओबामा प्रशासन के साथ एक समझौता किया था।

**जारी किया गया शाही आदेश:** अल-जाबरी ने कहा कि सऊदी अरब के तत्कालीन गृह मंत्री प्रिंस मोहम्मद बिन नायेफ ने उस योजना को औपचारिक रूप देने के लिए सऊदी अरब में एक बैठक की अध्यक्षता की थी। अल-जाबरी ने बताया कि हालांकि, युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने उस बैठक में "स्पष्ट असहमति" जताते हुए कहा था कि वह दो महीने में जमीनी हमले में हूतियों को हरा सकते हैं। अल-जाबरी ने एपी को बताया, "आश्चर्यजनक रूप से, बाद में निर्धारित योजना की अनदेखी करते हुए, बिना बादशाह को जानकारी दिए एक शाही आदेश जारी किया गया, जिसपर जाली हस्ताक्षर थे।"

**अमेरिका ने टिप्पणी से किया इनकार:** अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने अल-जाबरी के दावों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। यमन में एक दशक पहले ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों के खात्मे के लिए सऊदी अरब के नेतृत्व में कई देशों ने सैन्य अभियान चलाया गया था, जो अब भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। इस युद्ध में 1,50,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और इसके कारण दुनिया की सबसे बड़ी मानवीय त्रासदियों में से एक त्रासदी खड़ी हो गई है।

## दुनिया की सबसे बुजुर्ग मानी जाने वाली महिला का निधन



**मैड्रिड (एजेंसी)।** दुनिया में सबसे बुजुर्ग समझी जाने वाली महिला का निधन हो गया है। वह अमेरिकी मूल की थीं लेकिन स्पेन में रहती थीं। उनका नाम मारिया ब्रान्यास था और उनकी उम्र 117 साल थी। उनके परिवार ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

ब्रान्यास के 'एक्स' अकाउंट पर उनके परिवार ने लिखा, 'मारिया ब्रान्यास हम सब को छोड़कर चली गईं। वह जिस तरह से जाना चाहती थीं, वैसे ही चली गईं। बिल्कुल शांत, चिर निद्रा में और बिना किसी पीड़ा के।' **जेरोन्टोलॉजी रिसर्च ग्रुप ने बताया था सबसे बुजुर्ग इंसान:** जेरोन्टोलॉजी रिसर्च ग्रुप ने पिछले वर्ष हुई फ्रांसीसी नन लुसिले रैंडन की मृत्यु के बाद ब्रान्यास को विश्व का सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बताया है। यह ग्रुप 110 या उससे अधिक आयु के माने जाने वाले लोगों के विवरण को प्रमाणित करता है।

ब्रान्यास का जन्म चार मार्च, 1907 को सैन फ्रांसिस्को में हुआ था। जब वह छोटी थीं तभी उनका परिवार स्पेन लौट आया था। अपनी मृत्यु के समय ब्रान्यास कातालान प्रांत के ओलोट शहर में एक नर्सिंग होम में थीं।

## मंत्रीगण, प्रभार के जिलों में भ्रमण के दौरान रात्रि विश्राम अवश्य करें- मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक वंदे-मातरम् के गान के साथ आरंभ हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक से पहले अपने संबोधन में कहा है कि मंत्रीगण अपने प्रभार के जिलों में भ्रमण के दौरान एक माह में कम से कम एक बार रात्रि विश्राम अवश्य करें। उन्होंने कहा कि कि मदरसों में अन्य धर्म की शिक्षा पर प्रतिबंध के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। संविधान के अनुच्छेद 28 (3) के प्रावधान के अनुसार मदरसों में अध्ययनरत बच्चों को उनके धर्म की शिक्षा के विपरीत अन्य धर्म की शिक्षा ग्रहण करने अथवा उपासना में उपस्थित होने को बाध्य करने वाले मदरसों के सभी शासकीय अनुदान बंद किए जाएंगे। ऐसे मदरसों की मान्यता समाप्त करने की विधिवत कार्यवाही सहित अन्य उपयुक्त वैधानिक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा, किसान,



महिला और गरीब के महत्व को रेखांकित करते हुए राज्य शासन चार मिशन आरंभ कर रहा है। इस संबंध में विचार-विमर्श के लिए शीघ्र ही मंथन कार्यक्रम किया जाएगा, जिसमें सभी मंत्रीगण शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ तंत्र को मजबूत करने के लिए प्रदेश में ई.ओ.डब्ल्यू और लोकायुक्त की इकाइयों को बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में रक्षाबंधन का कार्यक्रम उत्साह और उल्लास से मनाया गया। जन्माष्टमी पर्व 26 अगस्त को प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े विविध पक्षों पर केन्द्रित कार्यक्रम होंगे। साथ ही नगरीय क्षेत्रों में सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन के लिए टाउन हॉल विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समग्र नर्मदा विकास के उद्देश्य से माँ नर्मदा मिशन के लिए समिति गठित की जाएगी। मिशन के अंतर्गत नर्मदा जी के उद्गम स्थल से लेकर गुजरात सीमा तक नगरीय निकाय और पंचायत राज संस्थाएं नर्मदा जी के प्रवाह की निरंतरता और सहायक नदियों व जल स्त्रोतों के स्वास्थ्य के लिए कार्य करेंगी।

## भाजपा ने 9 राज्यसभा उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भाजपा ने मंगलवार, 20 अगस्त को राज्यसभा उपचुनाव के लिए 9 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की। कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुईं किरण चौधरी हरियाणा से पार्टी की कैंडिडेट होंगी। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्?टू को राजस्थान से और जॉर्ज कुरियन को मध्य प्रदेश से उम्मीदवार बनाया गया है। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 21 अगस्त है। लुधियाना से 2 बार सांसद रह चुके रवनीत बिट्टू लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी ने उन्हें लुधियाना से टिकट दिया, लेकिन



उन्हें कांग्रेस उम्मीदवार अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग से 20 हजार 942 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। लोकसभा चुनाव में हार के बाद भी भाजपा ने पंजाब से बिट्टू को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाया है। पढ़ें पूरी खबर... मध्यप्रदेश की खाली एक राज्यसभा सीट से भाजपा ने केरल के नेता जॉर्ज कुरियन को प्रत्याशी बनाया है। कुरियन मोदी कैबिनेट में मत्स्य पालन, पशुपालन-डेयरी विभाग के राज्य मंत्री हैं। गुना से लोकसभा सांसद निर्वाचित होने के बाद जून में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राज्यसभा सीट छोड़ दी थी। मंगलवार को भाजपा विधायक दल की मीटिंग में सर्वसम्मति से उनके नाम पर मुहर लगाई गई। अब किरण चौधरी कल सुबह 10 बजे राज्यसभा उप-चुनाव के लिए नामांकन भरेंगी। इससे पहले मंगलवार सुबह ही किरण ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की पुत्र बहू हैं।

## राजीव गांधी की जयंती पर भावुक हुए राहुल गांधी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80वीं जयंती के अवसर पर उनके बेटे और कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के वीरभूमि में जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस श्रद्धांजलि सभा में राहुल गांधी के साथ रॉबर्ट वाड्रा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी उपस्थित थे। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद, राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, एक करुणामय व्यक्तित्व, सौहार्द और सद्भावना के प्रतीकज पापा, आपकी सीख मेरी प्रेरणा है।

## मैं गरीबों का समर्थक हूं, इसलिए मेरे खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगा रही है भाजपा-सिद्धारमैया

**बैगलुरू ( एजेंसी )।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी उनपर निराधार आरोप लगा रही है, क्योंकि वह हमेशा गरीबों, दलितों और सामाजिक न्याय के पक्षधर रहे हैं। सिद्धारमैया का ये बयान राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों के संबंध में जांच और मुकदमा चलाने की अनुमति देने की पृष्ठभूमि में आया है। पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत राजीव गांधी और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत देवराज अर्स को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित



करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में सिद्धारमैया ने आरोप लगाया, भाजपा के लिए गरीबों, पिछड़े वर्गों, दलितों और अल्पसंख्यकों के साथ खड़ा होना असंभव है। मुख्यमंत्री ने यहां कांग्रेस के राज्य मुख्यालय में कहा, कांग्रेस हमेशा महिलाओं, गरीबों, अल्पसंख्यकों और दलितों की समर्थक रही है। चूंकि, मैं समाज में असमानता के खिलाफ हूं और गरीबों का समर्थक हूं, इसलिए भाजपा मेरे खिलाफ है और वह सब कर रही है, जो नहीं किया जाना चाहिए। इसलिए वे मेरे खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैंसिद्धारमैया ने आरोप लगाया कि भाजपा हमेशा चाहती है कि गरीब लोग उसी स्थिति में रहें और सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत न बनें।

## कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह हुए कोरोना पॉजीटिव, बोले- कुछ दिनों तक मैं किसी से नहीं मिल पाऊंगा


**भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह कोविड-19 संक्रमित पाए गए हैं। इस बात की जानकारी उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा की। दिग्विजय सिंह ने बताया कि उनका कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया है और डॉक्टरों ने उन्हें 5 दिनों के लिए आराम करने की सलाह दी है। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, मेरा कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया है। मुझे डॉक्टरों ने 5 दिनों के लिए पूरी तरह से आराम करने की सलाह दी है।



इसलिए, मैं इस दौरान किसी से नहीं मिल पाऊंगा। कृपया मेरी अनुपस्थिति के लिए क्षमा करें। आप सभी से अनुरोध है कि कोविड से बचाव के लिए अपना ध्यान रखें और सतर्क रहें। दिग्विजय सिंह की इस सूचना के बाद, उनके समर्थकों और शुभचिंतकों ने उनकी शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। साथ ही, उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में अपडेट के लिए लोग उनके सोशल मीडिया हैंडल का ध्यानपूर्वक अनुसरण कर रहे हैं।

## 21 अगस्त को भारत बंद

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने 21 अगस्त को देशव्यापी विरोध (भारत बंद) का आह्वान किया है। राजस्थान में एससी/एसटी समूहों ने कहा कि उन्होंने बंद को समर्थन दिया है। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए पुलिस को सभी जिलों में तैनाती बढ़ाने के लिए कहा गया है। पुलिस ने कहा कि भारत बंद के संबंध में कानून व्यवस्था की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए एसपी को निर्देश दिए गए हैं। यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब सुप्रीम कोर्ट ने 1 अगस्त को राज्यों को अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के भीतर उप-श्रेणियां बनाने की अनुमति दी थी, और कहा था कि जिन्हें वास्तव में इसकी आवश्यकता है उन्हें आरक्षण में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। कोर्ट के फैसले के विरोध में और कोर्ट के आदेश को वापस लेने की मांग को लेकर भारत बंद का आह्वान किया गया है। इस संबंध में वरिष्ठ नागरिक और पुलिस अधिकारियों ने किसी भी हिंसा से बचने के लिए बंद की तैयारी का आकलन करने के लिए



एक बैठक की है। बैठक में संभागीय आयुक्त, जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए और उन्हें बंद के लिए तैयार रहने को कहा गया। एससी/एसटी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने बुधवार को भारत बंद का आह्वान किया है. पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने राज्यों को एससी और एसटी समूहों के भीतर उप-श्रेणियां बनाने की अनुमति देते हुए कहा था, जिन्हें वास्तव में इसकी आवश्यकता है उन्हें आरक्षण में प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

## सीएम नीतीश ने वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय का किया निरीक्षण, तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश

**पटना ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज वैशाली जिला के वैशाली गढ़ स्थित निर्माणाधीन बुद्ध सम्यक दर्शन-सह-बुद्ध स्मृति स्तूप का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पूरे परिसर के विकास कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्तूप के भू-तल एवं प्रथम तल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की जानकारी ली। उन्होंने पुस्तकालय एवं ध्यान कक्ष का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं बुद्ध स्मृति स्तूप के निर्माण कार्य की प्रगति की अद्यतन जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने आगंतुक केंद्र स्थित सम्मेलन कक्ष में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-बुद्ध स्मृति स्तूप परियोजना से संबंधित समीक्षा बैठक की। बैठक में भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से योजना के मुख्य अवयवों- बुद्ध स्तूप (पत्थर की संरचना), संग्रहालय ब्लॉक, पुस्तकालय एवं ध्यान कक्ष, आगंतुक केंद्र, अतिथि गृह, प्रदर्श योजना आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

## 100 से ज्यादा लड़कियों के साथ गैंगरेप, 32 साल बाद अजमेर सेक्स स्कैंडल के 6 दोषियों को मिली उम्रकैद की सजा

**जयपुर( एजेंसी )।** राजस्थान के अजमेर में 1992 के ब्लैकमेल और गैंगरेप कांड के बचे हुए 6 आरोपियों को कोर्ट ने दोषी करार दिया है। आज दोपहर 2 बजे कोर्ट ने इन सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 5 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दोषियों के नाम नफीस चिश्ती, नसीम उर्फ टार्जन, सलीम चिश्ती, इकबाल भाटी, सोहेल गनी और सैयद जमीर हुसैन हैं। 1992 में अजमेर के एक गैंग ने स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाली करीब 250 लड़कियों की नग्न तस्वीरें खींची थीं। इन तस्वीरों को लीक करने की धमकी देकर उन्होंने 100 से ज्यादा छात्राओं के साथ गैंगरेप किया। गैंग के लोग लड़कियों को फार्महाउस पर बुलाते थे और उनके साथ गलत काम करते थे। इस मामले का खुलासा एक अखबार ने किया था, जिससे यह घटना सामने आई।पीड़ित लड़कियों की उम्र उस वक्त 11 से 20 साल के बीच थी। इस घटना से अजमेर के कई प्रतिष्ठित स्कूलों की छात्राएं प्रभावित हुईं। इस मामले में पहले ही 4 आरोपी सजा काट चुके हैं। पुलिस ने इस मामले में 12 आरोपियों के खिलाफ 30 नवंबर 1992 को पहली चार्जशीट दायर की थी।

## दिल्ली के मॉल और अस्पतालों में बम की धमकी से मचा हड़कंप, मौके पर मौजूद पुलिस

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मंगलवार को दिल्ली के मॉल और कई अस्पतालों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले हैं। इसके बाद अधिकारी भी सतर्क हो गए, और उन्होंने परिसरों की तलाशी शुरू कर दी। लोगों को बाहर निकाल लिया है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। जांच जारी है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि नांगलोई के एक अस्पताल से दोपहर 1.04 बजे और मध्य दिल्ली



के चाणक्य पुरी के प्राइमस अस्पताल से दोपहर 1.07 बजे कॉल आई, जिसमें बताया गया कि उन्हें बम की धमकी मिली है। इसके अलावा सलेक्ट सिटीवॉक (साकेत), एंबियंस मॉल (वसंत कुंज) में भी बम की धमकी मिली है। अधिकारी ने बताया कि दमकल की गाड़ियां, बम का पता लगाने वाली टीमें और पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। गहन जांच की जा रही है।

# बांग्लादेश के खिलाफ पाकिस्तान कराची की जगह रावलपिंडी में खेलेगा दूसरा टेस्ट-पीसीबी

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को नेशनल स्टेडियम में चल रहे नवीनीकरण कार्य के कारण बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट को कराची से रावलपिंडी में स्थानांतरित करने का फैसला किया। यह निर्णय बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से बातचीत के बाद लिया गया है। पहला टेस्ट 21 अगस्त से रावलपिंडी में खेला जाना है। पीसीबी ने पहले कहा था कि दूसरे टेस्ट मैच (30 अगस्त से तीन सितंबर) को कराची में खाली स्टेडियम में खेला जायेगा। पाकिस्तान अगले साल आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा और इसी के मद्देनजर कराची स्थित नेशनल स्टेडियम का नवीनीकरण किया जा रहा है। पीसीबी की ओर से जारी बयान के मुताबिक, '' हमारे निर्माण विशेषज्ञों ने हमें आयोजन स्थल की तैयारी के लिए समय-सीमा के बारे में अवगत कराया। उन्होंने सलाह दी कि मैच के दौरान निर्माण जारी रह सकता है और इसके शोर से खिलाड़ियों को परेशानी हो सकती है।'' उन्होंने कहा,'' इसके साथ ही निर्माण कार्य से निकलने वाली धूल खिलाड़ियों, अधिकारियों, प्रसारकों और मीडिया के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकती है।



## अब युवराज की जिंदगी पर बनेगी बायोपिक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2011 एकदिवसीय विश्वकप में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह के जीवन पर अब फिल्म बनने जा रही है। स्वयं युवराज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ये जानकारी देते हुए इस फिल्म के निर्माता का आभार जताया है। युवराज पर बन रही इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार-रवि भगचांदका करेंगे। इस फिल्म में युवराज की भूमिका कौन सा कलाकार निभाएगा ये अभी तय नहीं हुआ है। माना जा रहा है कि रणवीर कपूर से भूमिका निभा सकते हैं। रणबीर ने इससे पहले अभिनेता संजय दत्त की भूमिका भी निभाई थी। फिल्म मे युवराह का क्रिकेट करियर और उसके बाद कैंसर से उनकी जंग भी दिखायी जाएगी। कैंसर के बाद युवराज ने भारतीय टीम में भी वापसी की थी। वहीं लीग क्रिकेट भी खेला। इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के जीवन पर भी एक बायोपिक धोनी द अनटोल्ड स्टोरी बनी थी और उसने सफलता के कई रिकार्ड बनाये थे। उसमें धोनी की भूमिका दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने निभाई थी। ऐसे में माना जा रहा है कि युवराज पर बनी फिल्म भी खासी सफल होगी।

## खेल पंचाट ने विनेश की अपील खारिज करने का कारण बताया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेल पंचाट ने पेरिस ओलंपिक में भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को संयुक्त रुप से रजत दिये जाने की याचिका खारिज किये जाने पर अपना जवाब दिया है। खेल पंचाट के अनुसार वजन पर नियंत्रण रखना खिलाड़ी की जिम्मेदारी है। पंचाट का कहना है कि उसके लिए सभी खिलाड़ी बराबर हैं और नियम भी पूरी तरह से स्पष्ट हैं। साथ ही कहा कि इस प्रकार के मामलों में किसी भी प्रकार की राहत देना संभव नहीं है। ऐसे में खिलाड़ियों को ही ये पक्का करना होगा कि वे अपने वजन को तय सीमा के अंदर रहें। इससे पहले खेल पंचाट के तदर्थ पैनल ने विनेश को 100 ग्राम अधिक वजन के कारण फाइनल से अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ की गयी अपील को खारिज कर दिया था। वहीं इस फैसले पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने कड़ी प्रतिक्रिया जतायी थी। खेल पंचाट ने , 'वजन सीमा के संबंध में नियम स्पष्ट हैं और सभी प्रतियोगियो के लिए समान हैं।

इसके लिए ऊपरी सीमा में किसी भी प्रकार की कोई राहत प्रदान नहीं की गई है। ऐसे में यह स्पष्ट रूप से खिलाड़ी की जिम्मेदारी है कि वह उस सीमा के अंदर रहे। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आवेदक का वजन सीमा से अधिक था। उसका मामला यह है कि उसका वजन मात्र 100 ग्राम अधिक था और इसकी छूट मिलनी चाहिए क्योंकि ऐसा पानी पीने और विशेष रूप से मासिक धर्म से पहले के चरण के दौरान हो जाता है।' विनेश को महिलाओं के 50 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल के ठीक पहले अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

## वतन वापसी पर विनेश फोगाट का हुआ जोरदार स्वागत



**बलाली (हरियाणा) (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक से स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत से अभिभूत पहलवान विनेश फोगाट ने कहा है कि भारतीय कुश्ती की बेहतरी के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी और उम्मीद जताई कि सच्चाई की जीत होगी। ओलंपिक में 50 किग्रा फाइनल में पहुंचने के बाद अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित की गई विनेश का शनिवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। विनेश ने अपनी अयोग्यता के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी लेकिन उसके तदर्थ प्रभाग ने उसे खारिज कर दिया था। दिल्ली से अपने पैतृक गांव बलाली तक के रास्ते में विनेश को उनके समर्थकों और खापपंचायतों ने सम्मानित किया। उन्हें 135 किलोमीटर की दूरी पूरी करने में लगभग 13 घंटे का समय लगा। वह मध्य रात्रि के समय अपने गांव पहुंची। गांव वालों ने उनका पूरा उत्साह के साथ स्वागत किया। पेरिस से यहां तक के लंबे सफर के कारण विनेश काफी थक गई थी लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपने प्रशंसकों को संबोधित किया।विनेश ने कहा, ''हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। लड़ाई जारी रहेगी और मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि सच्चाई की जीत होगी।'' विनेश और उनके साथी ओलंपियन बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर डब्ल्यूएफआई और उसके पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक साल से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

विनेश सहित छह पहलवान पिछले साल डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे थे। विनेश ने यह भी कहा कि उनका जिस तरह से शानदार स्वागत किया गया उससे उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। इस 29 वर्षीय पहलवान ने कहा, ''मुझे अपने देशवासियों, मेरे गांव और परिवार के सदस्यों से जो प्यार मिला उससे मुझे इस झटके से उबरने में मदद मिलेगी। मैं वापस कुश्ती में लौट सकती हूं।'' उन्होंने कहा, ''ओलंपिक पदक से चूकना मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा झटका है। मैं नहीं जानती कि मुझे इससे उबरने में कितना समय लगेगा। मैं नहीं जानती कि मैं कुश्ती में वापसी करूंगी या नहीं लेकिन आज मुझे जो साहस मिला है उसका मैं सही दिशा में इस्तेमाल करना चाहती हूं।'' विनेश ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि वह इस तरह के सम्मान की हकदार हैं या नहीं। उन्होंने कहा,''मैं भाग्यशाली हूं जो मेरा जन्म इस गांव में हुआ। मैं हमेशा महिलाओं और गांव के सम्मान के लिए लड़ती रहूंगी।'' विश्व चैंपियनशिप में दो बार की पदक विजेता ने उम्मीद जताई कि गांव का कोई खिलाड़ी उनकी विरासत को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा, ''मैं तहेदिल से चाहती हूं कि गांव का कोई व्यक्ति मेरी विरासत को आगे ले जाए और मेरे रिकॉर्ड तोड़ दे। अगर मैं अपने गांव की महिला पहलवानों को बढ़ावा दे सकती हूं, तो यह मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।''

विनेश ने कहा, ''अगर इस गांव से कोई पहलवान नहीं निकलता है तो यह निराशाजनक होगा। मैं आप सभी से अनुरोध करती हूं कि गांव की महिलाओं का समर्थन करें। अगर उन्हें हमारी जगह लेनी है तो उन्हें आपके सहयोग और समर्थन की जरूरत पड़ेगी।'' विनेश ने अयोग्य ठहराए जाने के बाद कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी।

विनेश ने हालांकि अपने ताऊ महावीर फोगाट का जिक्र नहीं किया, जिससे उनकी चचेरी बहनें गीता और बबीता नाराज हो गईं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी निराशा व्यक्त की। गीता ने एक्स पर लिखा,''कर्मों का फल सीधा सा है। छल का फल छल आज नहीं तो कल।'' गीता के पति पवन सरोहा भी पहलवान हैं, उन्होंने विनेश को महावीर के बारे में याद दिलाया। सरोहा ने लिखा,''विनेश आपने बहुत ही बढ़िया लिखा है लेकिन शायद आज आप अपने ताऊ जी महावीर फोगाट को भूल गए हैं, जिन्होनें आपके कुश्ती जीवन को शुरू किया था। भगवान आपको सदबुद्धि दे।'' बबीता ने लिखा, ''हर वो कामयाबी हार है। जिसका मकसद सिर्फ हर किसी को नीचा दिखाना है।''

## भारत के खिलाफ गेंदबाजी में अधिक जिम्मा उठाना होगा ग्रीन और मार्श को- कमिंस



**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को उम्मीद है कि इस साल के आखिर में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट श्रृंखला के दौरान ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन और मिशेल मार्श गेंदबाजी का अधिक जिम्मा संभालेंगे। कमिंस चाहते हैं कि यह दोनों ऑलराउंडर नवंबर से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में टीम के अग्रणी तेज गेंदबाजों का कार्यभार साझा करें। कमिंस ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा ,''टीम में ऑलराउंडर होने से फायदा मिलता है। पिछले कुछ वर्षों में हम उनका उतना उपयोग नहीं कर पाए जितना हमने सोचा था। यह अच्छी बात है।'' उन्होंने कहा,''लेकिन इन गर्मियों के सत्र में कुछ अलग हो सकता है। हम ग्रीन और मार्श को गेंदबाजी में थोड़ा अधिक जिम्मेदारी दे सकते हैं।'' ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने कहा,''ग्रीन जैसे खिलाड़ी ने शील्ड क्रिकेट मेंगेंदबाज के रूप में शुरुआत की थी, लेकिन टेस्ट मैचों में उसे ज्यादा गेंदबाजी नहीं करनी पड़ी। अब वह पहले से अधिक परिपक्व हो गया है। मुझे लगता है कि हम उस पर थोड़ा और अधिक निर्भर रहेंगे।'' पच्चीस वर्षीय ग्रीन ने अपने करियर में अब तक 28 टेस्ट मैचों में 35.31 के औसत से 35 विकेट लिए हैं।

कमिंस ने कहा, ''पहला मुद्दा यह है कि वे (ग्रीन और मार्श) दोनों केवल अपनी बल्लेबाजी के दम पर शीर्ष छह में जगह बनाते हैं या नहीं।'' उन्होंने कहा,,''हम वास्तव में सौभाग्यशाली हैं जो हमारे पास नाथन लियोन जैसा गेंदबाज है जिससे हम कई ओवर करवा सकते हैं। ऐसे में जरूरी नहीं कि आपके पास एक ऑलराउंडर हो, लेकिन पांचवें गेंदबाजी विकल्प का होना बड़ा अंतर पैदा करता है। '' कमिंस ने कहा,''हमारे पास ग्रीन और मार्श के रूप में गेंदबाजी के छह विकल्प हैं। यह अच्छी बात है लेकिन बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम के छह बल्लेबाजों को केवल अपनी बल्लेबाजी के दम पर टीम में जगह बनानी चाहिए।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे में खेल सकते हैं शमी-शाह

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने कहा है कि अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता है। शाह ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरे में हमें शमी जैसे अनुभवी खिलाड़ी की जरुरत पड़ सकती है। भारतीय टीम इस साल के अंत में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। ये दौरा कठिन होने की संभावना है। इसी को देखते हुए बोर्ड ने अपने तेज गेंदबाजों की फिटनेस बनाये रखने पर ध्यान दिया है। इसी के तहत ही तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा रहा है। इसके अलावा सर्जरी के बाद उबर रहे शमी पर भी बोर्ड की नजरें लगी हुई हैं। शाह ने कहा, हमारी टीम पहले से ही तैयार है।

हमने बुमराह को काफी आराम दिया है। इसके अलावा शमी के भी तब तक पूरी तरह से फिट होने की संभावना है। ऐसे में दौरे पर जाने वाले टीम काफी अनुभवी रहेगी। 2023 आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप के बाद से ही शमी खेल से दूर हैं। टूर्नामेंट के बाद उन्होंने सर्जरी भी कराई थी पर अब वह अभ्यास करने लगे हैं। इसी को लेकर शाह ने कहा, देखिए शमी ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर रहेंगे क्योंकि उनको पास काफी ज्यादा अनुभव है। हमें उनकी जरूरत ऑस्ट्रेलिया में जरुरत पड़ेगी।

## श्रेयस अय्यर सड़क पर सामान बेचने वाली महिला की सहायता करते दिखे

**मुम्बई (एजेंसी)।** बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पिछले कुछ समय से खराब दौर से गुजर रहे हैं। हाल में उन्हें श्रीलंका दौरे पर शामिल किया गया था पर वह वहां भी रन नहीं बना पाये। ऐसे में अब उनका लक्ष्य घरेलू क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन कर ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में जगह बनाना रहेगा। इसी बीव सोशल मीडिया पर श्रेयस का एक वीडियो आया है। इसमें वह सड़क पर सामान बेचने वाली एक गरीब महिला की सहायता करते दिख रहे हैं। वहीं इस दौरान कई अन्य लोग भी ऑटोग्राफ के लिए उनके करीब पहुंच जाते हैं। ऐसा ही एक वीडियो में सैलून से बाहर आते ही श्रेयस के पास प्रशंसक पहुंच गये। अय्यर अपने प्रशंसकों में से किसी को उसके बल्ले पर ऑटोग्राफ







देते हैं जबकि एक प्रशंसक को वह टी-शर्ट पर ऑटोग्राफ देते हैं। इस बीच सड़क पर सामान बेचने वाली एक गरीब महिला अय्यर के पास पहुंची और बोली आपका काफी नाम है आप मेरी भी सहायता करें। इस दौरान श्रेयस प्रशंसकों को ऑटोग्राफ दे रहे थे। इसके बाद जब श्रेयस गाड़ी की तरफ बढ़े तो वह महिला सहायता मांगते हुए उनके पीछे लग गई। तब श्रेयस के पास नगद पैसे नहीं थे। ऐसे में उन्होंने कहा एक मिनट रुको। इसके बाद गाड़ी में बैठने के बाद ड्राइवर से पैसे लेकर उन्होंने उस महिला को दिए। इसपर महिला बेहद खुश हुई ओर श्रेयस से हाथ मिलाने लगी।

## तेंदुलकर को उम्मीद, टेप लगी टेनिस गेंद की रिवर्स स्विंग से बल्लेबाजों की परीक्षा होगी

**मुंबई (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने खुलासा किया कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रिवर्स स्विंग का सामना करने के अपने अनुभव का इस्तेमाल टेनिस गेंद टूर्नामेंट 'इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल)' में इसे लागू करने के लिए किया। आईएसपीएल के दूसरे सत्र की यहां घोषणा की गई। आईएसपीएल का दूसरा सत्र ठाणे के दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में 26 जनवरी से नौ फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा जिसमें अक्टूबर से देश के पांच क्षेत्रों के 55 शहरों में ट्रायल होंगे। टूर्नामेंट में छह टीमें हिस्सा लेंगी। तेंदुलकर ने उम्मीद जताई कि स्टेडियम में 30,000 और इससे अधिक दर्शकों को आकर्षित करने वाले टूर्नामेंट का जल्द



ही महिला क्रिकेटर भी हिस्सा होंगी। तेंदुलकर ने लीग के खास नियमों जैसे 50-50 और एक शॉट पर नौ रन देने के बारे में बात करते हुए कहा, ''अगर हम बल्लेबाजों को कुछ फायदा दे रहे हैं तो गेंदबाजों को भी खेल में शामिल होने का मौका मिलना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''अपने खेलने के दिनों में मैं गेंद पर एक तरफ से टेप से चिपका देता था। सीजन (लैदर बॉल) गेंदों में हम चमकदार और खुरदरी तरफ देखते हैं और टेनिस गेंद में हम एक तरफ टेप लगाते थे और मैं इससे रिवर्स स्विंग का अभ्यास करता था जिससे कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इसका सामना कर सकूं।'' उन्होंने कहा, ''मैंने सोचा कि क्यों ना इसे इस प्रारूप में शामिल किया जाए और अगर इसे लागू किया जाता है तो बल्लेबाज की तकनीक की भी परीक्षा होगी।'' लाल गेंद के मामले में जहां बल्लेबाजों को स्विंग होने पर अपने शरीर के करीब खेलना पड़ता है तो वहीं टेप वाली टेनिस गेंद के मामले में स्थिति पूरी तरह विपरीत होता है। तेंदुलकर ने कहा कि जो गेंदबाज ट्रायल और चयन के माध्यम से आए थे, वे टेप लगी गेंद से खेलने के आदी नहीं थे लेकिन कुछ समय बिताने के बाद उन्होंने इसे सीख लिया। उन्होंने कहा, ''संभवत: गेंदबाज टेप वाली गेंद से गेंदबाजी करने और रिवर्स स्विंग के आदी नहीं थे। पहला मैच जो मैंने देखा, मैंने देखा कि बहुत सारी वाइड गेंदें फेंकी गईं और गेंदबाज इसे सही तरीके से नहीं कर पाए।'

# मेयर ने दिखाए शहर में हुए विकास कार्य

## ऑनलाइन टेंडर सिस्टम पर उठाए सवाल, बोले- कॉम्पिटिशन में रेट घटाने से हो रहे हैं घटिया निर्माण

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना नगर पालिक निगम के महापौर योगेश ताम्रकार ने सरकार के ऑनलाइन टेंडर सिस्टम पर सवाल उठाए हैं। मेयर का मानना है कि ऑनलाइन टेंडर और रेट के कॉम्पिटिशन के कारण काम की क्वालिटी खराब हो रही है, निर्माण कार्य घटिया हो रहे हैं।

महापौर योगेश ताम्रकार मंगलवार को मीडिया कर्मियों के साथ शहर के डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के अवलोकन के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर नगर निगम स्पीकर राजेश चतुर्वेदी पालन, कमिश्नर शेर सिंह मीणा, ईई अरुण तिवारी एवं डिप्टी कमिश्नर भूपेंद्र देव परमार भी मौजूद रहे।





महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि शहर के विकास को लेकर हमारी भावना पवित्र और इच्छा शक्ति भी दृढ़ है। हम यह जानते हैं कि कुछ प्रोजेक्ट्स के कारण जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है जबकि कुछ गलतियां भी हैं। कई काम ऐसे भी हुए हैं जिनके कारण सतना नगर निगम का नाम न केवल स्टेट बल्कि नेशनल लेवल पर भी हुआ है लेकिन उन कुछ कमियों-खामियों के कारण वो काम दब कर रह गए हैं। हम उन गलतियों को सुधारने का प्रयास भी निरंतर कर रहे हैं।

महापौर ने माना कि सीवर प्रोजेक्ट के कारण जनता बेहद परेशान हैं लेकिन शहर और जनता की जरूरत के हिसाब से ये काम जरूरी भी है। प्रोजेक्ट को शीघ्रता से पूर्ण कराने की कोशिश की जा रही है। सड़कों के रिस्टोरेशन को गति दी गई है। हमारी कोशिश है कि दीवाली तक जय स्तंभ चौक-टिकुरिया टोला के बीच नई सड़क बना दी जाए, बगहा में भी नगर निगम के हिस्से के पैच का काम बारिश के बाद शुरू करा दिया जाएगा। जहां भी घटिया निर्माण या रिस्टोरेशन की शिकायतें आ रही हैं उन पर एक्शन लिया जा रहा है।

**बोले- नगर वन, लेक नेक्टर झील का काम लगभग पूरा**

मेयर ने विकास कार्य गिनाते हुए बताया कि नगर वन, लेक नेक्टर झील का काम लगभग पूरा हो चुका है। अमौधा तथा संतोषी माता तालाब समेत 10 तालाबों का सौंदर्यीकरण किया गया है। व्यंकटेश लोक बनकर तैयार है। महदेवा में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बन चुका है जबकि अगले दो महीने में दो और प्लांट भी चालू हो जाएंगे।

उन्होंने बताया कि शहर की भविष्य की जरूरत को ध्यान में रखते हुए नए एनीकट और फिल्टर प्लांट के लिए स्थान चिह्नित कर 34 करोड़ के टेंडर निकाल दिए गए हैं ताकि बरगी के पानी से भी शहर में जला पूर्ति की जा सके। इसके बाद लोगों को सुबह-शाम 2-2 घंटे पानी दिया जा सकेगा। नगर निगम सतना ने प्रतिमाह 5 लाख रुपए के बिजली बिल की बचत की है और ऐसा करने वाला सतना नगर निगम प्रदेश का पहला निगम है। पर्यावरण के लिहाज से 15 अगस्त को एक ही दिन में शहर में 11 हजार के लक्ष्य के मुकाबले साढ़े 12 हजार पौधे रोपे गए हैं। ट्रैफिक सिस्टम में सुधार के लिए आईटीएमएस प्रोजेक्ट चालू हो चुका है जो अपराधों के खुलासे में भी मददगार साबित हो रहा है।

नगर निगम के निर्माण कार्यों की क्वालिटी पर लगातार उठते सवालों पर मेयर ने कहा कि ऑनलाइन टेंडर होने से कॉम्पिटिशन में लोग कम रेट पर काम लेते हैं और फिर घटिया निर्माण करते हैं। ऐसे में निगम के पास घटिया निर्माण पर एक्शन लेने, उसे तुड़वाने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। हालांकि मॉनिटरिंग के लिए इंजीनियरों और कन्सलटेंसी एजेंसी की जिम्मेदारी और उन पर कार्रवाई से संबंधित सवाल का जवाब उन्होंने निगमायुक्त पर टाल दिया।

मेयर ने माना कि सतना शहर में साढ़े 5 करोड़ की लागत से बनाया गया साइकिल ट्रैक अनुपयोगी है और इसे बनाने में सिर्फ पैसे बर्बाद हुए हैं। शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था से संबंधित प्रश्न के उत्तर में महापौर ने कहा कि पिछले दिनों बिजली की समस्या के कारण जलापूर्ति प्रभावित हुई है लेकिन इसके समाधान के लिए डीजी सेट मंगा लिए गए हैं। अगले एक पखवाड़े में व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाएगी। अतिक्रमण के मुद्दे पर मेयर ने कहा कि हम जनता और व्यापारियों से सड़क पर उतरकर अपील करेंगे कि वे अपने अवैध कब्जे सड़क से हटा लें ताकि यातायात सुगम हो सके।

# महिला से छेड़खानी को लेकर डाक्टर की पीट-पीट कर हत्या

## नशामुक्ति केन्द्र के संचालक सहित पांच लोगों पर दर्ज हुआ मामला

**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** शहर के पद्ममधर कॉलोनी स्थित न्यू संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में चिकित्सक की पीट-पीटकर हत्या कर दी है। डॉक्टर रूदसेन गुप्ता नशामुक्ति केन्द्र में पिछले ढाई साल से पदस्थ थे। इस मामले में सिविल लाइन पुलिस ने नशामुक्ति केन्द्र संचालक सहित पांच लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया है। इनमें तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य आरोपी फरार है। घटना के पीछे महिला से छेड़खानी की बात सामने आ रही है। इस मामले में पुलिस अब अन्य आरोपियों को तलाशनें में जुटी हुई है।घटना के संबंध बताया जा रहा है कि पद्ममधर कॉलोनी स्थित नशा मुक्ति केन्द्र में योजना बनाकर डॉक्टर को नशा मुक्ति केन्द्र बुलाया गया, जहां दोपहर उनके साथ मारपीट की गई। इसके बाद इलाज के लिए संजय गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां सोमवार की रात उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद हड़कंम मच गया।

मामले में पुलिस ने आरोपी नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक शशांक तिवारी, प्रसून तिवारी और प्रियंका तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं प्रोजेक्टर मैनेजर नीलेश तिवारी और राजकुमार तिवारी फरार चल रहा है। बाक्सपत्नी से बात करने को लेकर था शकहत्या के पीछे जो बात सामने आ रही है उसमें प्रसून तिवारी और उसके रिश्तेदारों को शक था उसकी पत्नी से डॉक्टर फोन पर गलत बात करते थे। इस संबंध में कई बार परिवार वालों ने डॉक्टर को समझाइश और चेतावनी दी थी।

# हत्या के प्रयास के आरोपी को 7 साल की कैद

## कोठी में बीच बाजार मारी थी युवती को गोली

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना के कोठी कस्बे में ढाई वर्ष पहले बीच बाजार दिन दहाड़े युवती को गोली मारकर हत्या की कोशिश करने के मामले में अदालत ने आरोपी को 7 साल के कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पर 7 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है।

सतना के चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश रघुवीर प्रसाद पटेल ने आरोपी मनोज द्विवेदी पिता राजकुमार द्विवेदी (40) निवासी दुबेन टोला थाना कोठी जिला सतना को आईपीसी की धारा 307 , 25 (1- बी)(ए) आयुध अधिनियम एवं धारा 27 आयुध अधिनियम में 07 वर्ष के सश्रम कारावास व 7000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

मामले में राज्य की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी एडीपीओ श्रीकेश यादव ने पैरवी की। अभियोजन प्रवक्ता के मुताबिक, 18 दिसंबर 2021 को सीमा तिवारी, अंजलि चतुर्वेदी, विश्वजीत के साथ कोठी बाजार खरीददारी करने के लिए गई थीं। विश्वजीत ने अपनी बाइक कोठी बाजार में खड़ी कर दी जिसके बाद वे तीनों पैदल ही बस स्टैण्ड की तरफ चल पड़े। तभी दोपहर लगभग एक बजे अंजली व सीमा तिवारी जैसे ही नक्षत्र कलेक्शन नाम की दुकान के सामने पहुंची, तभी सामने से कोठी का मनोज द्विवेदी हाथ में कट्टा लेकर वहां आ धमका। उसने सीमा तिवारी को रोककर उसके सीने में क़ट्टा अड़ा दिया। सीमा को बचाने के लिए अंजली चतुर्वेदी, मनोज द्विवेदी के सामने आ गई लेकिन मनोज ने किनारे से आकर सीमा तिवारी की पीठ में गोली मार दी।




घायल होकर सीमा सड़क पर गिरकर बेहोश हो गई जबकि मनोज द्विवेदी वहां पहले से ही मौजूद रहे एक अन्य व्यक्ति के साथ बाइक(एमपी 19 एमपी 4190) से भाग निकला। आरोपी मनोज द्विवेदी लगभग 6-7 साल से सीमा को परेशान कर रहा था। सीमा का विवाह करीब पांच साल पहले हो गया था। सीमा जब अपने गांव कैलाशपुर मायके आती थी, तब भी वह सीमा को परेशान करता था व धमकी देता था कि वह सीमा एवं उसके पति दोनों को गोली मार देगा। आरोपी सीमा से यह भी कहता था कि वह उसकी है, किसी दूसरे व्यक्ति से शादी नहीं कर सकती।

आरोपी मनोज द्विवेदी ने सीमा को उसकी शादी हो जाने के कारण नाराज होकर जान से मारने की नीयत से गोली मारी थी।

# बीएलओ करेंगे घर-घर सत्यापन

## निर्वाचन आयोग ने जारी किया मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग ने 1 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया है। आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के मुताबिक 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का घर-घर जाकर सत्यापन किया जायेगा तथा मतदाता सूची एवं वोटर आईडी कार्ड की विसंगतियों को दूर किया जायेगा। पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आम नागरिकों के अवलोकनार्थ निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 29 अक्टूबर को मतदान केन्द्रों सहित सभी अभिहित स्थलों पर किया जायेगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के साथ ही आम नागरिकों द्वारा 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक दावा-आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, प्रविष्टियों में संशोधन एवं नाम हटाने संबंधी दावे-आपत्तियां बीएलओ द्वारा मतदान केन्द्रों पर ही प्राप्त की जायेगी। प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 24 दिसंबर तक किया जाएगा तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को किया जाएगा।

मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के बाद ऐसे पात्र युवा जिनकी आयु 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकेंगे। यदि कोई मतदाता किसी कारणवश कार्य दिवसों में अपना दावा प्रस्तुत नहीं कर सकते हो तो उनके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले की सातों विधानसभा क्षेत्रों में विशेष कैंप आयोजित करने के लिए तिथियों का निर्धारण भी किया गया है।

**विशेष शिविर:** मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए विशेष कैंप शनिवार 9 नवंबर एवं रविवार 10 नवंबर को तथा शनिवार 16 नवंबर और रविवार 17 नवंबर को आयोजित किए जाएंगे।

**पुनरीक्षण पूर्व की गतिविधियां:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तय कार्यक्रम मुताबिक मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के पूर्व की गतिविधियों में 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन, मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण एवं पुनर्व्यवस्था, नामावली एवं ईपिक में विसंगतियों को दूर करने, धुंधली, खराब गुणवत्ता और विनिर्देशन और गैर मानवीय छवियों को अच्छी गुणवत्ता वाली तस्वीरों को प्रतिस्थापित करते हुए छवि गुणवत्ता में सुधार करने तथा मतदान केन्द्रों के खंड अथवा भाग की सीमाओं के प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप देने और मतदान केंद्र की सूची का अनुमोदन प्राप्त करने जैसी गतिविधियां होंगी। प्रारूप एक से प्रारूप आठ की तैयारी तथा पूरक और एकीकृत ड्राफ्ट रोल तैयार करने की गतिविधियाँ 19 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक होगी।

# संजीवनी पाली क्लीनिक में मिलेगी स्पेषलिस्ट डॉक्टर की सेवायें

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** एनएचएम भोपाल के निर्देशानुसार यूपीएचसी तथा संजीवनी पाली क्लीनिक में स्पेशलिस्ट सर्विस शिशु रोग, स्त्री रोग, त्वचा रोग, मानसिक रोग, ईएनटी, नेत्र राग, अस्थि रोग की सेवायें भी प्रदान की जायेगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने अगस्त माह में शहरी यूपीएचसी और संजीवनी पाली क्लीनिक में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्पणा अग्रवाल स्पेशलिस्ट की डयूटी लगाई है। इसके अनुसार स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्पणा अग्रवाल 21 अगस्त को पाली क्लीनिक सिंधी कैंप, 22 अगस्त से 27 अगस्त तक यूपीएचसी टिकुरिया टोला और 28 अगस्त से 31 अगस्त तक यूपीएचसी नईबस्ती में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपस्थित रहकर सेवायें प्रदान करेगी। आगामी दिनों में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और मुख्यमंत्री संजीवनी पाली क्लीनिक में स्पेशलिस्ट शिशु रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, मानसिक, ईएनटी, नेत्र रोग तथा अस्थि रोग विशेषज्ञ की सेवायें भी दी जायेगी।

## मैहर जिले में अब तक 710.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 20 अगस्त 2024 तक 710.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 734 मि.मी., मैहर में 685.5 मि.मी. एवं रामनगर में 713.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

# मैहर जिले में 13 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये 13 आवेदकों की समस्याएं सुनी और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, जनपद सीईओ प्रतिपाल बागरी, महिला बाल विकास अधिकारी राजेन्द्र बांगरे, तहसीलदार मैहर जितेन्द्र पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।







जनसुनवाई में कलावती उर्फ रनिया कोल पिता समना कोल निवासी कल्याणपुर ने बताया कि मेरे द्वारा बिजली बिल भुगतान समय-समय पर किया गया था। लेकिन माह अप्रैल में 3516 रूपये का बिजली बिल दिया गया और उसके बाद 53516 रूपये का बिल विद्युत विभाग के द्वारा दिया गया है। विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि अमित कुमार मिश्रा पिता एपी मिश्रा निवासी हरनामपुर वार्ड क्रमांक-24 के द्वारा विजय कुमार मिश्रा को 5 लाख 5 हजार रूपये में चार पहिया वाहन बेचा गया था। जिसका भुगतान अमित कुमार मिश्रा को किया जा चुका है। लेकिन अमित कुमार मिश्रा के द्वारा गाड़ी ट्रांसफर नहीं दी जा रही है। कई बार कहने पर गाड़ी उठवाने की धमकी दी जाती है। इसीप्रकार ग्राम पंचायत देवरा मोल्हाई ग्राम बरदहा जनपद पंचायत रामनगर के ग्राम वासियों ने बताया कि रामनगर से बरदहा तक पहुंचने का मार्ग 2 किमी लंबा मार्ग और पुल पूर्णतः क्षतिग्रस्त है। जिसकी वजह से बरसात के दिनों में ग्रामीण वासियों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सभी आवेदन के आधार पर कलेक्टर रानी बाटड ने सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारी को जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

# उप मुख्यमंत्री ने रीवा में आईटी पार्क और रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की समीक्षा की



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** उप मुख्यमन्त्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा में प्रस्तावित आईटी पार्क और रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने आईटी पार्क के लिए प्रस्तावित स्थल, विभिन्न प्रावधानों, सुविधाओं की समीक्षा कर निर्देश दिये कि आईटी पार्क में अत्याधुनिक सुविधाओं को शामिल किया जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा में प्रस्तावित रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की तैयारियों की जानकारी भी प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव को सफल बनाकर क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए समेकित प्रयास किए जायें। उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रावधानों को भी योजना में शामिल किया जाये। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मल्टी-परपज़ आईटी पार्क गुढ़ और सोलर पार्क के लिए आवश्यक आधारभूत आवश्यकताओं के लिए निर्देश दिये। बैठक में एमडी एमपीआईडीसी चन्द्रमौली शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## भर्ती प्रक्रिया समय-सीमा में पूर्ण करें : उप-मुख्यमंत्री

# लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा में विभिन्न पदों की भर्ती कार्यवाही की समीक्षा की



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में मैनपावर उपब्धता के संबंध में की जा रही कार्रवाई और अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सक, विशेषज्ञ, सहायक चिकित्सकीय एवं प्रशासनिक स्टाफकी भर्ती के लिए समस्त आवश्यक कार्यवाहियों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में विशेषज्ञों की सीधी भर्ती के लिए प्राथमिकता के आधार पर प्रथम श्रेणी के 1085 पदों के लिए लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञप्ति जारी की जा चुकी है। द्वितीय श्रेणी के पदों में 895 चिकित्सा अधिकारी के पदों के लिए विज्ञप्ति जारी हो चुकी हैं कुल 1373 द्वितीय श्रेणी के पदों में भर्ती की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

# पारंपरिक लोकपर्व कजलियां की धूम

## भगवान को कजलियां समर्पित कर एक दूसरे को दीं शुभकामनाएं



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नई फसल की उन्नति और आपसी प्रेम-सौहार्द्र के प्रतीक रूप में मनाया जाने वाला लोक पर्व कजलियां मंगलवार को सतना जिले में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कजलियां की धूम शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रही।

बघेलखण्ड और बुंदेलखंड की लोक परंपरा अनुसार रक्षाबंधन के अगले दिन भादौ महीने की परीवा को मनाए जाने वाले लोकपर्व कजलियां की मंगलवार को धूम रही। लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान के चरणों मे कजलियां समर्पित कर सुख-समृद्धि तथा सौहार्द्र की प्रार्थना की और फिर एक दूसरे को कजलियां भेंट कर शुभकामनाएं दीं। परंपरा अनुसार छोटों ने बड़ों को कजलियां भेंट कर आशीर्वाद लिया जबकि बड़ों ने छोटों के कान में कजलियां लगा कर अपना स्नेह जताया। शगुन के तौर पर घर की लड़कियों और बच्चों को रुपए भी दिए गए।

शहर के जगतदेव तालाब एवं पन्नी लाल चौक स्थित शिव मंदिरों के अलावा अन्य मंदिरों में भी कजलियां समर्पित करने पहुंचे, श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इसके अलावा चित्रकूट, मैहर, बिरसिंहपुर तथा सोहावल के मंदिरों में भी बड़ी संख्या में भक्त दर्शन कर कजलियां चढ़ाने पहुंचे। जिले के अन्य ग्रामीण अंचलों में भी कजलियां पर्व की धूम रही। कई स्थानों पर कजलियां मिलन समारोह भी आयोजित किए गए।

**क्या हैं कजलियां?**

कजलियां गेहूं के छोटे पौधे होते हैं। नाग पंचमी के दूसरे दिन खेत से लाई गई मिट्टी को किसी मिट्टी के ही बर्तन में भर दिया जाता है और उसमे गेहूं के बीज डाल दिए जाते हैं। इसे रक्षा बंधन तक खाद पानी दिया जाता है और फिर अगले दिन उस बर्तन में उग आए छोटे पौधों यानी कजलियों को भगवान को समर्पित कर एक दूसरे को भेंट किया जाता है। इसे सुख-समृद्धि और नई फसल की सम्भावनाओं का प्रतीक भी माना जाता है। लोग इन्हें एक दूसरे को भेंट कर शुभकामनाएं देते हैं।

# जनसुनवाई में 36 प्रकरणों की हुई सुनवाई

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार की जनसुनवाई में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे और डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्यायें सुनी। जनसुनवाई में 36 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, राशन कार्ड बनाने, विद्युत समस्या, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, जमीन का कब्जा दिलाने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।